


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

सांध्य दैनिक
# श्रीकंचनपथ
लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 14, अंक - 110 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, गुरूवार 2 फरवरी 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास खबर...

### मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय चंदूलाल चंद्राकर की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहाँ अपने निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ के प्रखर पत्रकार और पूर्व सांसद स्वर्गीय चंदूलाल चंद्राकर की पुण्यतिथि पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे और डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री बघेल ने चंदूलाल चंद्राकर के अमूल्य योगदान को याद करते हुए कहा कि वे अनेक बार लोकसभा में सांसद निर्वाचित हुए। उन्होंने कई महत्वपूर्ण विभागों के मंत्री पद का दायित्व संभालते हुए देश और प्रदेश के विकास के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण सर्वदलीय मंच के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य आंदोलन को नई दिशा प्रदान की।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि चंदूलाल जी मूल्य आधारित निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता के लिए भी जाने जाते हैं। वे राष्ट्रीय स्तर के संपादक भी रहे। उन्होंने कई ज्वलंत मुद्दों पर निडरता से आवाज उठाई। अपने प्रखर व्यक्तित्व और निर्भीक पत्रकारिता से देश में छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया। राज्य सरकार ने उनकी स्मृति में पत्रकारिता के क्षेत्र में चंदूलाल फेलोशिप स्थापित की है, जिससे मूल्य आधारित पत्रकारिता को बढ़ावा मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के माटी पुत्र चंदूलाल की मातृभूमि के प्रति सेवा भावना, उनके अमूल्य विचार नई पीढ़ी को हमेशा प्रेरित करते रहेंगे।

### एलएसी और हिंद महासागर में सुरक्षा होगी चाक-चौबंद

# भारत-अमेरिका के बीच बड़ी डील!



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और अमेरिका के बीच 3 बिलियन डॉलर की अहम डिफेंस डील जल्द हो सकती है। बता दें कि इस सौदे के तहत भारत को अमेरिका से 30एमक्यू-9बी प्रीडएटर ड्रोन्स मिलने हैं। इस डील से भारत की एलएसी और हिंद महासागर में निगरानी क्षमता बढ़ेगी और सुरक्षा चाक-चौबंद हो सकेगी। दोनों देशों के बीच इस डील को लेकर बीते पांच सालों से बातचीत हो रही है। भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोवाल भी अमेरिका के दौरे पर हैं और उन्होंने अमेरिकी अधिकारियों और वहां के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुल्लिवन के साथ भी इस डील को लेकर बातचीत की है।

अमेरिका की राजनीतिक रक्षा मामलों की प्रमुख जेसिका लेविस से जब इस डील को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि हम पांच साल से इस डील पर बातचीत कर रहे हैं और अब गेंद भारत के पाले में है। हालांकि उन्होंने इस डील पर ज्यादा जानकारी देने से इंकार कर दिया। खबर है कि भारत और अमेरिका दोनों ही देश चाहते हैं कि जल्द से जल्द यह डील फाइनल हो जाए ताकि भारत को जल्दी ही प्रीडएटर ड्रोन्स की सप्लाई की जा सके। अमेरिका की बाइडेन सरकार भी जल्द इस डील को फाइनल करना चाहती है क्योंकि इस डील से अमेरिका में रोजगार बढ़ेगा और साथ ही उनकी सरकार इस डील को अपनी उपलब्धि के तौर पर पेश करना चाहती है ताकि अगले साल होने वाले चुनाव में इसका फायदा उठाया जा सके।

भारत की तीनों सेनाओं को 10-10 प्रीडएटर ड्रोन्स मिलने हैं। प्रीडिएटर ड्रोन्स की खासियत है कि ये किसी भी हालात में निगरानी करने की क्षमता रखते हैं। ये ड्रोन्स लंबे समय तक आसमान में उड़ान भर सकते हैं। खास बात ये है कि ये ड्रोन्स दिन और रात में भी निगरानी कर सकते हैं और पेलोड लेकर भी उड़ान भर सकते हैं। इन ड्रोन्स में लगे 360 डिग्री कैमरे से समुद्र, आकाश और जमीन पर निगरानी रख सकते हैं। एआई और मशीन लर्निंग तकनीक से लैस ये ड्रोन्स डाटा की समीक्षा कर उसे विभिन्न जगहों पर वितरित भी कर सकते हैं ताकि आपात स्थिति में तुरंत एक्शन लिया जा सके। सर्विलांस के साथ ही राहत और बचाव कार्यों में भी इन ड्रोन्स की मदद ली जा सकती है।

एलएसी पर तनाव और हिंद महासागर में चीन के बढ़ते प्रभाव के बीच भारत ने साल 2017 में इन ड्रोन्स की खरीद के लिए बातचीत शुरू की थी और अब जल्द ही इस डील के फाइनल होने की उम्मीद है। इन एमक्यू-9बी प्रीडएटर ड्रोन्स की मदद से भारत की निगरानी करने की क्षमता में जबरदस्त इजाफा होगा।

## छत्तीसगढ़ में ट्रेन के आठ डिब्बे पटरी से उतरे, रेल यातायात प्रभावित, कई ट्रेनें रद्द

श्रीकंचनपथ न्यूज



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के बचेली से आयरन ओर लेकर आंध्रप्रदेश के विशाखापट्टनम जा रही मालगाड़ी के आठ डिब्बे पटरी से उतर गए। आठ डिब्बे पटरी से उतरने के कारण रूट पर ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हो गई, जिसके बाद कई ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बस्तर के बचेली से आयरन ओर भरकर विशाखापट्टनम जा रही मालगाड़ी शिवलिंगपुरम और बोड्डावारा स्टेशन के बीच पटरी से उतर गई। इस घटना में आठ डिब्बे बेपटरी हो गए। इसके साथ ही रेलमार्ग में ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं और राहत व बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है।

इस घटना के बाद विशाखापट्टनम से किरंदुल आने वाली पैसेंजर ट्रेन भी कैंसल कर दी गई है। जबकि किरंदुल से जाने वाली पैसेंजर ट्रेन को कोरापुट स्टेशन से वापस लौटाने का आदेश दे दिया गया है। इससे यात्रियों के बीच अफरा-तफरी मची हुई है। गौरतलब है कि जिस स्थान पर ये हादसा हुआ है वह सिंगल लाइन है और सुरंग रेल पथ (टनल) के सामने स्थित है।

## अब कैमरे की नजर और लाइट की रोशनी में बनेगा अंतराज्यीय पुल, बेदरे बन रहा एक किमी लंबा ओवरब्रिज



श्रीकंचनपथ न्यूज

**बीजापुर।** नक्सलगढ़ में विकास की कवायद में तेजी लाने सरकार नई रणनीति पर अमल कर रही हैं। माओवाद प्रभावित इलाके में विकास की रफ्तार तेज करने के लिए छत्तीसगढ़ से महाराष्ट्र को जोड़ने वाले एक किलोमीटर लंबा पुल अब सुरक्षा बलों के साए में कैमरे की नजर और हाईमास्ट लाइट की रोशनी में बनेगा। इसे अमलीजामा पहनाने के लिए सेतु निगम ने कवायद शुरू कर दी है। बहुत जल्द अब बेदरे में रात की काली स्याह को तोड़ती हुई उम्मीद की रोशनी का पुल बनकर तैयार होगा।

बीजापुर जिला मुख्यालय से करीब 55 किमी दूर बेदरे में दो साल पहले बीजापुर से महाराष्ट्र के नागपुर को जोड़ने के लिए 42 करोड़ रुपये की लागत से एक किमी लंबे पुल का निर्माण शुरू किया गया था। इस पुल पर 38 कॉलम खड़े किए जाने हैं। लेकिन नक्सल गतिविधि के चलते दो वर्षों में महज आठ कॉलम ही यहां खड़े हो पाए हैं।

फरवरी में कार्य की समयावधि भी खत्म हो रही है। पुल के निर्माण से जहां बीजापुर से सीधे महाराष्ट्र जुड़ जाएगा। वहीं बीजापुर जिले के नदी पार की पंचायतें भी जुड़ जाएंगी और वहां मुलभुत सुविधाएं ग्रामीणों को मिलने लगेंगी। इस पुल के निर्माण का ठेका अशोक मित्तल को दिया गया है। जिनसे पेटी में काम लेकर अंकित गुप्ता कर रहे हैं।

वहीं, दूसरी ओर पुल के निर्माण के बाद से ही इसका विरोध भी शुरू हो गया है। बेदरे पुल के दूसरे छोर पर नुगुर व लंका गांव में बड़ी संख्या में जुटकर ग्रामीण इस पुल निर्माण का विरोध कर रहे हैं। बेदरे पुल का निर्माण पुलिस की सुरक्षा में लगातार करवाया जा रहा है। अब पुल के काम मे गति लाने सेतु विभाग रात में भी काम करवाने की तैयारी कर रहा हैं।

इसके लिए बाकायदा विभाग सुरक्षा की दृष्टि से कार्य स्थल पर कैमरे और हाई मास्ट लाइट लगवाने की कवायद की जा रही है। ब्रिज कॉर्पोरेशन के ईई बीएन खूंटे ने बताया कि क्षेत्र की संवेदनशीलता को देखते हुए काम की गति को आगे बढ़ाया जा रहा है। विभाग अब नाइट में भी काम करवाने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए पहले कार्य स्थल पर कैमरे व हाई मास्ट लाइट लगवाने तैयारी की जा रही हैं।

उन्होंने बताया कि इससे सुरक्षा भी होगी और काम में गति भी आएगी। उन्होंने बताया कि फरवरी में काम का विस्तार कर लिया जाएगा। वहीं कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने बताया कि बेदरे में बन रहा पुल बीजापुर से महाराष्ट्र को जोड़ने का काम करेगा। साथ ही नदी पार के दर्जनों गांवों तक विकास पहुंचेगा। स्कूल, अस्पताल, उचित मूल्य की दुकान नदी पार के गांव में खुलेंगे। ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिलेगा। कलेक्टर ने कहा कि पुल के निर्माण के बाद गांव में सुविधाओं के विस्तार के साथ ही वहां के लोग हम से जुड़ेंगे।

### नक्सल खलल ने प्रभावित किया काम

ज्ञात हो कि बेदरे पुल निर्माण का काम जिस कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा किया जा रहा है। उस कंपनी के साइड इंजीनियर अशोक पवार और उनके एक सहयोगी जब साइड पर काम करा रहे थे। तब उन्हें नक्सली अगवा कर ले गए थे। परिजनों की अपील के बाद सातवें दिन नक्सलियों ने उन्हें छोड़ दिया था। इसके बाद से ही पुल का काम धीमा पड़ गया। पुल के निर्माण का विरोध अभी भी जारी है।

## धमधा में किसान के घर 55 भेड़ों की मौत, गांव में हड़कंप, जांच टीम भी हैरान



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में एक किसान के घर उसकी पाली हुई 55 भेड़ों की मौत हो गई। भेड़ों की मौत से किसान भी हैरान है। एक साथ 55 भेड़ों की मौत के की खबर गांव वालों को लगी तो वे भी हैरान रह गए। खासबात यह है कि भेड़ों की मौत का रहस्य जानने पहुंची जांच टीम भी हैरान रह गई क्योंकि उन्हें भी यह पता नहीं लग पाया है कि आखिर भेड़ों की मौत कैसे हुई। बहरहाल इस मामले की जांच की जा रही है।

### धमधा में भेड़ों की मौत से हड़कंप

मिली जानकारी के अनुसार दुर्ग जिले मे धमधा थाना क्षेत्र में एक किसान के घर की 55 भेड़ों की मौत हो गई। यहां के दारगांव से लगे ठेंगा भाटा निवासी किसान रतन धनकर ने अपने घर पर भेड़ें पाल रखी थी। रोज की तरह जब भेड़ों को देखने दड़बे में गया तो एक ही जगह ठिठक कर रह गया। दड़बे में 55 भेड़ें मृत पड़ी थीं। भेड़ों को मरा देख किसान रतन धनकर का पैरो तले जमीन खिसक गई। सूचना मिलने पर पशु विभाग की टीम व पुलिस मौके पर पहुची और भेड़ों की मौत की जांच शुरू की गई है।

बता दें कुछ दिनों से धमधा क्षेत्र में लकड़बग्घे का आतंक देखा गया है। लकड़बग्घे ने कई मवेशियों को अपना शिकार बनाया था। अभी इसका डर थमा नहीं और भेड़ों की मौत ने हड़कंप मचा दिया है। किसान रतन दिकर को बड़ा नुकसान हुआ है। वहीं पशु विभाग ने लकड़बग्घे के हमले की पुष्टि नहीं की है। हालांकि अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि भेड़ों की मौत कैसे हुई। धमधा पुलिस ने बताया है कि पशुविभाग जांच कर रहा है। जांच के बाद ही भेड़ों की मौत का रहस्य खुल सकेगा।

### भोर की लालिमा बिखेरता सूर्य



**भिलाई।** भिलाई मरोदा डैम के पास से कोहरे की घनी चादर को हटाकर अपने आने की लालिमा फैलाते सूर्य देव को निहारने के लिए परिंदे भी टकटकी लगाए देखते नजर आए।

**फोटोजर्नलिस्ट - गौकरण निषाद**

## याचिका में की गई मांग- नेताओं के एक से ज्यादा जगह से चुनाव लड़ने पर लगे रोक, सुप्रीम कोर्ट ने ठुकराई



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को उस याचिका को रद्द कर दिया, जिसमें नेताओं के किसी एक पद के लिए, एक से ज्यादा जगह से चुनाव लड़ने पर रोक लगाने की मांग की गई थी। कोर्ट ने कहा कि यह मामला विधायिका से जुड़ा है। इसलिए इस पर फैसला संसद को ही करना है।

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि किसी प्रत्याशी को एक से ज्यादा सीटों पर लड़ने की इजाजत विधायी नीति से जुड़ा मुद्दा है। इसलिए यह संसद का फैसला होगा कि इस राजनीतिक लोकतंत्र में यह विकल्प लोगों को मिलना चाहिए या नहीं।

## आरबीआई ने बैंकों से मांगी अदाणी समूह के ऋण व निवेश की जानकारी, हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद आया आदेश




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय रिजर्व बैंक ने देश के बैंकों से अदाणी समूह में उनके एक्पोजर की जानकारी मांगी है। सरकार और बैंकिंग क्षेत्र के सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि केंद्रीय बैंक ने विभिन्न घरेलू बैंकों से अदाणी समूह में उनके निवेश और ऋणों के बारे में जानकारी देने को कहा है। भारतीय रिजर्व बैंक ने यह कदम वर्तमान में जारी अदाणी समूह के शेयरों में उठा-पटक के बाद लिया है। बीते दिन ही अदाणी समूह ने अपना एफपीओ वापस ले लिया था। गुरुवार की सुबह शेयर बाजार खुलने के बाद अदाणी समूह के शेयरों में बड़ी गिरावट देखने को मिली है।

माना जा रहा है कि केंद्रीय बैंक विभिन्न बैंकों से अदाणी समूह में उनकी ओर से दिए गए ऋण व निवेश की जानकारी लेकर यह सुनिश्चित करना चाहती है कि अदाणी के शेयरों में ताजा उठा-पटक के माहौल के बीच बैंकों की वित्तीय स्थिति ठीक बनी रहे। बता दें कि अदाणी समूह पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद कंपनी के शेयरों में भारी गिरावट दर्ज की गई है। इस बीच अदाणी समूह ने अपना एफपीओ भी वापस लेने का फैसला भी कर दिया है।

## कौशल विकास योजना और नौकरियां

श्रीकंचनपथ




कौशल विकास योजना को पलीता लग गया है। शिक्षा माफिया ने इसपर कब्जा कर लिया है। बच्चों को भर्ती कर लिया जाता है। सरकार से बिल भी वसूल लिया जाता है। बच्चों को प्रमाणपत्र भी मिल जाता है पर उन्हें नौकरियां नहीं मिलतीं। यहां नौकरियों के आशय को भी समझना होगा. यदि नौकरी का मतलब केवल सरकारी नौकरी है तो यह ख्वाब तो कभी पूरा नहीं हो सकता। नौकरी का मतलब यदि रोजगार से है तो 60 से 70 फीसदी प्रशिक्षितों को रोजगार मिल जाता है। वैसे भी लोग क्या उम्मीद कर रहे थे। कौशल विकास का सर्टिफिकेट लेकर लोग आईटीआई और पालीटेक्नीक को मात दे देंगे? यदि ऐसा सोचा था तो गलत सोचा था। ऐसा कभी हो नहीं सकता। देश में आज रोजगार और स्वरोजगार की बातें हो रही हैं। जिस किसी ने भी अच्छे संस्थान से अपनी पसंद के क्षेत्र में कौशल विकास किया होगा, वह ज्यादा दिनों तक खाली नहीं बैठेगा। अच्छे संस्थान से यहां आशय बड़े संस्थान से नहीं है। अच्छे संस्थान से मतलब ऐसे संस्थान से है जो प्रशिक्षुओं को हैण्ड्सऑन ट्रेनिंग उपलब्ध कराता हो। प्रशिक्षु कोई न कोई हुनर सीखकर निकलता हो। प्रशिक्षण के नाम पर एक दो टाइमपास टाइप के प्रशिक्षक रखकर लोग केन्द्र चला रहे हैं। प्रशिक्षु भी टाइम पास ही कर रहे हैं। इन्हें किसी संस्थान में हैण्ड्सऑन ट्रेनिंग के लिए भेजा भी जाता है तो वहां इनसे चपरासी का काम ही लिया जाता है। यह काम वह बिना किसी प्रशिक्षण के भी कर सकता था। भिलाई की एक नामचीन संस्था भी कौशल विकास करवा रही है। यहां बेडसाइड अटेंडेंट का कोर्स चलता है। भिलाई इस्पात संयंत्र मेन हॉस्पिटल में बेडसाइड अटेंडेंट का कार्य पास के मोहल्ले में रहने वाली महिलाएं करती थीं। बिना किसी प्रशिक्षण के भी नर्सों के सहयोग से वे स्वयं को मरीजों की जरूरत के अनुसार ढाल लेती थीं। रोगी की स्थिति के अनुसार 500 से 1000 रुपए प्रतिदिन तक वे कमा लेती थीं। बाद में मोहल्ला यहां से हटा दिया गया पर कुछ महिलाएं अब भी यहां सेवा दे रही हैं। सर्टिफिकेट प्रेमी भारत में इस कार्य के लिए सर्टिफिकेट कोर्स प्रारंभ कर दिया गया। 19-20 साल के युवा प्रशिक्षण लेने पहुंचे। उन्हें लगा होगा कि यह कोई नर्सिंग का कोर्स है जिसमें वर्दी पहनकर हाथ में ट्रे लेकर घूमना रहेगा। कौशल विकास में नाम लिखाने के बाद जब ये ट्रेनिंग के लिए अस्पताल पहुंचे तो इनकी आंखें खुलीं। पता चला कि यह तो आयागिरी का काम है। दिल टूट गया पर किसी तरह कोर्स पूरा कर लिया। स्टाइपेंड लिये और अलग हो गए। इस तरह के कार्यों को दिल से स्वीकार करने की एक उम्र होती है। युवा इसमें रुचि लेंगे, ऐसा सोचना भी नादानी है। वैसे एक अच्छी बात यह है कि बावजूद इस तरह के फालतू कोर्स के छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर घट रही है। ताजा आंकड़ों की मानें तो प्रदेश में केवल 0.5 प्रतिशत बेरोजगारी है।



## संपादकीय

### संतुलन की कोशिश

आजाद भारत के अमृत काल का पहला बजट लगभग अपेक्षा के अनुरूप ही रहा है। सबसे अपनी दोस्ती, ना काहू से बैर के भाव के साथ इस बजट में चुनावी वर्ष की छाया भी साफतौर पर महसूस हो रही है। वैश्विक मंदी और रूस-यूक्रेन युद्ध का अपना असर है, इसके बावजूद वित्त मंत्री ने अपनी सीमाओं के अंदर एक सकारात्मक भविष्योन्मुख बजट पेश किया है। कुछ योजनाओं को पूरा करने के लिए तीन साल से पांच साल तक का समय लिया गया है, मतलब सरकार अपनी घोषणाओं में किसी भी तरह के बड़बोलेपन से बचने में कामयाब रही है। आज के समय में अर्थव्यवस्था जिस मोड़ पर है, वहां किसी भी विशेष वर्ग को निशाने पर नहीं लिया जा सकता। एक ओर, जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के लिए विभिन्न मदों में बजट की बढ़ोतरी हुई है, वहीं बड़ी कंपनियों और निवेशकों की चिंता भी सरकार स्पष्ट रूप से कर रही है। कंपनियों और निवेशकों की तात्कालिक खुशी को इस बात से समझा जा सकता है कि बजट आते ही शेयर बाजार में बढ़त का क्रम दिखा। हालांकि, कुछ समय बाद गिरावट हुई, पर तब भी बाजार ने समग्रता में नुकसान का संकेत नहीं दिया। यह सरकार के लिए एक राहत की बात हो सकती है। नौकरीपेशा लोगों के लिए आयकर स्लैब में वृद्धि एक खुशखबरी है। आयकर स्लैब को तार्किक बनाने की मांग विगत चार-पांच साल से ज्यादा हो रही थी, लेकिन आयकर वसूलने में सहजता की वजह से सरकार किसी नई रियायत के लिए तैयार नहीं थी। साल 2014 के बाद अब जो परिवर्तन हुआ है, उसके अनुसार, नई आयकर स्कीम को स्वीकार करने वाले लोगों को सात लाख वार्षिक आय पर अब आयकर भुगतान की जरूरत नहीं पड़ेगी। दूसरा परिवर्तन यह है कि यदि आप पुरानी आयकर स्कीम को नहीं चुनेंगे, तो आप पर स्वत नई आयकर स्कीम लागू हो जाएगी। हालांकि, जिन लोगों की वार्षिक आय 15.5 लाख से ज्यादा है, उन्हें 30 प्रतिशत आयकर चुकाना पड़ेगा। संकेत स्पष्ट है कि पुरानी आयकर स्कीम की विदाई होने वाली है। इसका एक अर्थ यह भी है कि आयकर बचाने के लिए होने वाले निवेश में कमी आएगी। वैसे भी आयकर चुकाने वाले लोग ज्यादा नहीं हैं और जो सक्षम वर्ग है, वह आयकर बचाने में सबसे आगे रहता है। आयकर फॉर्म को सरल बनाने के साथ ही आयकर से जुड़े भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए भी ज्यादा सक्रिय होने की जरूरत है। प्रधानमंत्री आवास योजना के बजट का 66 प्रतिशत बढ़ना उन गरीबों के लिए सुखद है, जिन्हें अभी तक घर नसीब नहीं हुआ है। एकलव्य विद्यालय के तहत आदिवासियों के विकास की पहल प्रशंसनीय है, तो महिलाओं के लिए विशेष बचत स्कीम व बचत बढ़ाने की अन्य कोशिशें भी सराहनीय हैं। बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 10 लाख करोड़ रुपये का बजट, राज्यों को पचास साल के लिए ब्याज मुक्त ऋण देने का प्रस्ताव भी समयानुकल है। किसानों को राहत देने की कोशिश हुई है, तो सहकारिता में फिर प्राण फूंकने का इरादा भी जाहिर है। गांव और शहर के बीच यह बजट संतुलन साधने की कोशिश करता दिख रहा है। अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए अभी भी बहुत गुंजाइश है, क्योंकि ज्यादातर पैसा उधार से ही आ रहा है। सर्वाधिक पैसा रक्षा पर खर्च हो रहा है। सरकार ने शिक्षा और स्वास्थ्य का बजट बढ़ाया है, लेकिन अभी और की उम्मीद है।

> " संकेत स्पष्ट है कि पुरानी आयकर स्कीम की विदाई होने वाली है। इसका एक अर्थ यह भी है कि आयकर बचाने के लिए होने वाले निवेश में कमी आएगी। वैसे भी आयकर चुकाने वाले लोग ज्यादा नहीं हैं और जो सक्षम वर्ग है, वह आयकर बचाने में सबसे आगे रहता है। आयकर फॉर्म को सरल बनाने के साथ ही आयकर से जुड़े भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए भी ज्यादा सक्रिय होने की जरूरत है।

### बजट में कोई आहत, किसी को राहत...

मोदी सरकार के अंतिम पूर्ण आम बजट पर मिश्रित प्रतिक्रियाएं आई हैं। इस बजट में महंगाई कम करने के प्रत्यक्ष उपाय न होने से आम जनता को निराशा हुई है और देश भर में विपक्ष इस बजट को हवा हवाई करार दे रहा है तो भाजपा इस बजट के प्रावधानों का स्वाभाविक रूप से स्वागत कर रही है। भाजपा खूबियां गिना रही है और कांग्रेस इसकी खामियां बता रही है। वैसे बजट में 7 लाख तक की आय को कर मुक्त करने से काफी राहत महसूस की जा रही है। बजट में बहुत से प्रावधान नए हैं और बहुत से ऐसे हैं, जिनका विस्तार किया गया है। समावेशी विकास, अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना, बुनियादी ढांचा और निवेश, क्षमता को उजागर करना, हरित विकास, युवा और वित्तीय क्षेत्र बजट की प्राथमिकताएं बताई जा रही हैं। गरीब खाद्यान्न योजना 1 साल के लिए बढ़ाई गई है। अतिरिक्त अनाज के लिए 2 लाख करोड़ का प्रावधान किया गया है।दावा है कि प्रति व्यक्ति आय दोगुनी से अधिक बढ़कर 1.97 लाख रुपये हो गई है। 9 वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था आकार में 10 वें से 5 वें स्थान पर पहुंच गई है। वित्त मंत्री ने घोषणा की है कि युवा उद्यमियों द्वारा कृषि- स्टार्ट अप को प्रोत्साहित करने के लिए कृषि कोष बनाया जाएगा। वहीं, पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मिशन मोड पर काम किया जाएगा। वित्तमंत्री सीतारमण ने 3 वर्षों में 47 लाख युवाओं को सहायता प्रदान करने के लिए एक अखिल भारतीय राष्ट्रीय शिक्षुता योजना के तहत प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण शुरू करने की घोषणा की है। अगले 3 वर्षों में 1 करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए सहायता मिलेगी। वित्तमंत्री सीतारमण ने कहा है कि 10,000 जैव इनपुट संसाधन केंद्र स्थापित किए जाएंगे। नगरपालिका बांडों के लिए साख बढ़ाने के लिए शहरों को प्रोत्साहित किया जाएगा। अमृत काल के लिए उपयुक्त बुनियादी ढांचे के वर्गीकरण और वित्तपोषण ढांचे को बनाने के लिए विशेषज्ञ समिति गठित की जाएगी। वित्त मंत्री ने राज्य सरकारों के लिए भी बड़ी घोषणा की है। केंद्र सरकार ने राज्यों को 50 साल का ब्याज मुक्त कर्ज एक और साल के लिए बढ़ाया है।

पेन को लेकर भी वित्त मंत्री ने बड़ी घोषणा की है। पैन कार्ड अब राष्ट्रीय पहचान पत्र के रूप में जाना जाएगा। इससे पहले पैन टैक्स फाइलिंग के लिए था। बजट में सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना का आवंटन 66 फीसद बढ़ाकर 79,000 करोड़ किया है। सीतारमण का कहना है कि हम लोगों को रहने के लिए तेजी से घर आवंटित करेंगे। छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों के लिए खास बात यह है कि जनजातीय समूहों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए पीएमपीबीटीजी विकास मिशन शुरू किया जाएगा, ताकि पीबीटीजी बस्तियों को मूलभूत सुविधाओं से परिपूर्ण किया जा सके। अगले 3 वर्षों में योजना को लागू करने के लिए 15,000 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए जाएंगे। पीएम विश्व कर्म कौशल सम्मान-परंपरागत कारीगरों और शिल्पकारों के लिए सहायता के पैकेज की परिकल्पना की गई है, जो उन्हें एमएसएमई मूल्य श्रृंखला के साथ एकीकृत करते हुए अपने उत्पादों की गुणवत्ता, पैमाने और पहुंच में सुधार करने में सक्षम बनाएगा। छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों के लिए अच्छी खबर है कि भारतीय मिलेट्स अनुसंधान संस्थान को उत्कृष्टता केंद्र के रूप में समर्थन दिया जाएगा। राज्यों की सक्रिय भागीदारी, सरकारी और सार्वजनिक पार्टनरशिप के साथ मिशन मोड पर पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा। पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन पर ध्यान देने के साथ कृषि कर्ज लक्ष्य को बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रुपये किया जाएगा। युवा उद्यमियों द्वारा कृषि-स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने के लिए कृषि कोष बनाया जाएगा। मजबूत पब्लिक फाइनेंस और एक मजबूत फाइनेंस सेक्टर के साथ एक टेक्नोलॉजी-संचालित और ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था शामिल है।

> " केंद्रीय बजट में सरकार ने दूरगामी आर्थिक स्थिरता को ध्यान में रखते हुए फैसले लिए हैं। विकास और महंगाई, दोनों के प्रति सरकार ने उत्तरदायी होने का परिचय दिया है।

# सबको कुछ न कुछ देता जिम्मेदार बजट

एन के सिंह

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम चुनावों से पहले का केंद्र सरकार का अंतिम पूर्ण बजट संसद में पेश कर दिया और उस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी टिप्पणी की है। इस बजट के छह-सात विशेष पहलू हैं और दो शब्दों में कहें, तो यह रिस्पॉन्सिव(तत्पर) और रिस्पॉन्सिबल (जिम्मेदार) बजट है। रिस्पॉन्सिव या तत्पर इसलिए कि मुझे ऐसे किसी बजट की याद नहीं, जिसने समाज के सभी वर्गों को कुछ न कुछ लाभ दिया हो। अनुमान नहीं था कि बजट 2023-24 ऐसे व्यापक रूप से सभी पक्षों के लिए इतना सकारात्मक होगा। उदाहरण के लिए, कृषि क्षेत्र, जिस पर बल दिया गया है कि कृषि विकास में तकनीक का कैसे प्रयोग बढ़ाया जाए, कृषि उत्पादन में कैसे वृद्धि लाई जाए। महिला, युवा, ग्रामीण शिल्पकार, लघु-मध्यम उद्योग, मध्यम वर्ग इत्यादि पहलुओं पर गौर किया गया है, तभी इसे रिस्पॉन्सिव बजट कह रहा हूं।



आज विकास की इच्छा एक वास्तविकता है। केंद्र सरकार अभी सिर्फ 6.5 प्रतिशत की विकास दर लेकर चल रही है। सरकार 6.8 या 7 प्रतिशत का लक्ष्य लेकर भी चल सकती थी। इससे जीडीपी व टैक्स भी बढ़ता, राजकोषीय घाटे को कम करने में सहूलियत होती, पर सरकार ने ऐसा नहीं किया। जितने भी गैर-बजटीय उधार हैं, सबको पारदर्शिता से पेश किया। सरकार टैक्स अनुमान भी बढ़ा सकती थी, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया, ताकि लोगों को ऐसा न लगे कि सरकार अवास्तविक लक्ष्य रखकर चल रही है।

सरकार ने दूरगामी आर्थिक स्थिरता को ध्यान में रखते हुए फैसले लिए हैं। विकास और महंगाई, दोनों के प्रति उसने उत्तरदायी होने का परिचय दिया है। युवा और रोजगार वृद्धि इत्यादि पर ध्यान दिया गया है। सरकार का जोर स्वयं सहायता समूहों पर भी है। इससे आने वाले दिनों में विशेष रूप से महिला रोजगार में ज्यादा वृद्धि होगी। ग्रामीण शिल्पकार एक उपेक्षित वर्ग रहा है, जिसे विश्वकर्मा कहा गया है। पर्यटन की दिशा में भी नई पहल हुई है। मैं वर्षों से कहता रहा हूं कि भारत में पर्यटन में जो असीम क्षमता है, उसके एक प्रतिशत का भी हमने अभी तक उपयोग नहीं किया है। कई ऐसे छोटे देश हैं, जिनकी पूरी अर्थव्यवस्था ही पर्यटन पर चलती है। सरकार ने पचास पर्यटन केंद्र विकसित करने की घोषणा की है। हरित विकास या हरित हाइड्रोजन, हरित ऊर्जा प्रसारण, ऊर्जा भंडारण, कृषि में हरित व्यवहार, हरित ऋण पर जो व्यय की घोषणा हुई है, उससे भारत के विकास को प्रोत्साहन मिलेगा।

स्वास्थ्य क्षेत्र की बात करें, तो मानव संसाधन का अभाव रहा है। वित्त मंत्री ने 157 नर्सिंग कॉलेज खोलने की घोषणा की है, ये सभी कॉलेज अस्पतालों से जुड़े रहेंगे। एलायड सर्विसेज का जो कानून सरकार ने पारित किया है, उसका लाभ स्वास्थ्य क्षेत्र, उसमें भी जो ग्रामीण स्वास्थ्य क्षेत्र, प्राथमिक स्वास्थ्य क्षेत्र, पालिका स्वास्थ्य क्षेत्र को मिलेगा। यह बहुत जरूरी है। महामारी अपनी जगह है, पर इन स्वास्थ्य केंद्रों को युद्ध स्तर पर सुधारने की जरूरत है, मैंने भी पंद्रहवें वित्त आयोग के अध्यक्ष के नाते ऐसे प्रस्ताव दिए थे। एलायड सर्विसेज या नर्सों की जो प्रतिभा-क्षमता हमारे पास होगी, उसका उपयोग स्वास्थ्य तंत्र को सुधारने पर किया जाएगा। सरकार ने इस ओर कदम बढ़ा दिए हैं। आईसीएमआर लैब और फार्मा ट्रांजिशन भी इस बजट के दो महत्वपूर्ण पक्ष हैं। शिक्षक प्रशिक्षण सुधारने के लिए भी बजट में और बल दिया गया है।

एक और खास पहलू है पूंजीगत व्यय, इससे विकास को चार गुना मदद मिलती है। इसके लिए सकल घरेलू उत्पाद का 3.3 प्रतिशत खर्च करने का लक्ष्य रखा गया है। इसका सीधा लाभ मूलभूत ढांचे की गुणवत्ता पर होगा और कार्य क्षमता, निर्यात व रोजगार में वृद्धि होगी।

ईज ऑफ डुइंग बिजनेस अर्थात व्यवसाय में सुविधा पर भी ध्यान दिया गया है। कहा जाता है, भारत में मुक्त अर्थव्यवस्था तो है, लेकिन व्यवसाय करना आसान नहीं है। जो दस्तावेजी औपचारिकताएं हैं, उनको कम करने और प्रक्रियाओं के गैर-अपराधीकरण पर जोर दिया गया है।

बजट पर कई लोगों के बयान मैंने देख हैं कि तेलंगाना के लिए कुछ नहीं है, कई अन्य राज्यों के लिए कुछ नहीं है। देखिए, यह राज्यों का बजट नहीं है, यह केंद्र का बजट है। अच्छी बात है, सरकार पंद्रहवें वित्त आयोग की सिफारिशों को लागू करती जा रही है। वैसे कोई जरूरी नहीं था कि राज्यों को फिर 1.3 लाख करोड़ रुपये पचास साल तक के लिए बिना ब्याज ऋण स्वरूप दिए जाते। राज्यों के पास बहुत सी ऐसी वित्त क्षमता है, जिसका उपयोग नहीं हुआ है, क्योंकि उन्हें जो पहले उधार का प्रस्ताव दिया गया था, उसका ही उन्होंने पूरी तरह इस्तेमाल नहीं किया है। अब राज्यों को जो अतिरिक्त धन प्राप्त हो सकता है, उसका भरपूर सदुपयोग उन्हें करना चाहिए। यह एक अद्भुत बजट है, जिसमें कराधान को और सरल करने की कोशिश हुई है। अप्रत्यक्ष कर संग्रह में भारी वृद्धि हुई है। वैसे अभी भी टैक्स स्लैब पर काम करना चाहिए। स्लैब कम करने की जरूरत है। जीएसटी में भी बदलाव की जरूरत है। जहां तक प्रत्यक्ष कर की बात है, तो स्लैब कम कर दिया है, टैक्स दर में भी कमी हुई है। लोगों के पास खर्च के लिए ज्यादा राशि होगी, जिससे अर्थव्यवस्था को ही प्रोत्साहन मिलेगा। आगामी चुनावों को देखते हुए सरकार के पास यह मौका था कि वह कुछ मुफ्त योजनाओं की घोषणा कर सकती थी, लेकिन सरकार ने रेवड़ी बांटने से बचते हुए एक विकासोन्मुखी जिम्मेदार बजट पेश किया।

संक्षेप में कहूं, तो आम लोगों को इस बजट से तीन चीजें मिली हैं- नौकरी के साधन, पूंजीगत व्यय का इसमें बड़ा योगदान रहेगा। पूंजीगत व्यय से आम आदमी को और बेहतर बुनियादी सुविधाएं मिलेंगी। शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में भी लाभ मिलेगा। दूसरा, महिलाओं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति को फायदा होगा। तीसरा, टैक्स में लाभ मिलेगा, इससे आम लोगों की आय भी बढ़ेगी और उनका खर्च भी बढ़ेगा।

वैसे सरकारों का यह विरासती अधिकार है। उन्हें किसी घोषणा के लिए बजट का इंतजार नहीं करना पड़ता है, पर इस बजट के बाद ऐसा लगता नहीं है कि सरकार को अतिरिक्त घोषणा की जरूरत पड़ेगी। संभव है, अगले वर्ष वह लेखानुदान की घोषणा न करते हुए कुछ घोषणाएं करे, पर फिलहाल ऐसा लगता नहीं है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# देश के उज्ज्वल भविष्य का वाहक बन सकेगी रेल

विजय दत

भारत जैसे विशाल आबादी वाले देश में परिवहन के सार्वजनिक साधनों की कितनी अहमियत है, इससे सब वाकिफ हैं। उनमें भी भारतीय रेलवे का स्थान सबसे ऊपर है, क्योंकि लंबी यात्रा के लिए आज भी यही आम लोगों की सवारी है। इसलिए बजट में इस क्षेत्र को आवंटित होने वाली धनराशि को लेकर आम लोगों में भी उत्सुकता होती है। देश भर के सभी आयवर्ग के लोग जानना चाहते हैं कि आने वाले दिनों में रेल से उनके आवागमन की कितनी सुविधाएं बढ़ने वाली हैं। इस कसौटी पर प्रस्तावित बजट काफी अच्छा है।



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आगामी वित्त वर्ष के लिए रेलवे को 2.4 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जो अब तक का सर्वाधिक है। बहरहाल, रेलवे की दशा-दिशा के आकलन के लिए हमें यह देखना होगा कि कितनी राजस्व प्राप्ति रही, कितना खर्च हुआ और परिचालन अनुपात क्या रहा? मौजूदा वित्त वर्ष में कुल राजस्व प्राप्ति 2,42,692 करोड़ रुपये की रही, जबकि खर्च 2,34,640 करोड़ हुआ है। यानी परिचालन अनुपात 96.98 प्रतिशत रहा। चूंकि इसके पूर्ववर्ती वर्ष कोविड के कारण बहुत चुनौतीपूर्ण व समस्याओं से भरे हुए थे, ऐसे में इस वर्ष का परिचालन अनुपात बताता है कि अर्थव्यवस्था उस आर्थिक दौर से उबर चुकी है। इस साल यात्री किराये से 64 हजार करोड़ और माल ढुलाई से एक लाख, 65 हजार करोड़ रुपये की कमाई हुई है। जाहिर है, रेलवे की कमाई आगे और बढ़ेगी, क्योंकि आवंटन सबसे अधिक है।

रेलवे के लिए बजटीय आवंटन में आगामी वर्षों में और इजाफा होगा, क्योंकि 'ग्रीन इकोनॉमी' की बात हो रही है और साल 2070 तक देश को पूरी तरह कार्बन मुक्त किया जाना है। रेलवे के लिए तो 2030 का ही लक्ष्य रखा गया है और इसे 'कार्बन न्यूट्रल' बनाने की दिशा में सरकार सक्रिय है। इस लिहाज से साल 2023 रेलवे के लिए बहुत अहम है। इस साल इसका विद्युतीकरण का काम पूर्ण हो जाएगा। साल 2018 में इसका फैसला किया गया था और रिकॉर्ड पांच वर्षों में यह काम पूरा हो रहा है। गौर कीजिए, फ्रांस, जर्मनी जैसे तकनीकी व आर्थिक रूप से विकसित देशों में भी रेलवे का पूर्ण विद्युतीकरण नहीं हुआ है। दुनिया में हम पहला ऐसा देश हैं, जो यह काम पूरा करने जा रहे हैं।

देश में हरित ऊर्जा के लिए जो भी ढांचागत विकास होगा, उसका लाभ रेलवे को मिलेगा। कार्बन न्यूट्रल बनने के लिए ऊर्जा दक्षता की बहुत आवश्यकता होती है। इसके लिए सक्षम तकनीक की ओर रेलवे ने कदम बढ़ाया है। जैसे, पिछले साल पहली बार एल्यूमीनियम मिश्रधातु की मालगाड़ी शुरू हुई, पुणे मेट्रो में भी इसके कोच पहली बार लगाए गए। ये बहुत बड़े कदम हैं। वित्त मंत्री ने तीन साल के भीतर सेमी हाईस्पीड वाली 400 वंदे भारत ट्रेनें शुरू करने का एलान पिछले बजट में ही किया था। जाहिर है, प्रस्तावित बजट में जो रकम आवंटित की गई है, उससे वंदे भारत और मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन जैसी परियोजनाओं को राशि मिलेगी। इसी तरह, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से जुड़ी परियोजनाओं को भी इस बढ़ोतरी का पर्याप्त लाभ मिलेगा।

इसमें कोई दोराय नहीं कि भारत के उज्ज्वल भविष्य का वाहक बनने के लिए रेलवे को अपनी क्षमता का विस्तार करना होगा। 1950 के दशक में लगभग 80 फीसदी लोग सफर के लिए रेलवे का इस्तेमाल करते थे, अब यह भागीदारी 10 प्रतिशत से भी कम रह गई है। रेलवे ने इसे 2030 तक 43 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा है। गौर कीजिए, रेलवे का किराया, सड़क किराये से अब भी काफी कम है, पर प्रतीक्षा सूची खत्म करने के लिए जरूरी है कि गाड़ियां बढ़ें, कोचों का उत्पादन अधिक हो, पटरियों का विस्तार हो, जहां ट्रैफिक है, वहां और लाइनें बिछानी होंगी। इस बार का बजट रेलवे को उसके लक्ष्यों को हासिल करने में सहायक दिख रहा है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# बजटीय घोषणाओं से कितनी बदलेगी गांवों की तस्वीर

सोमपाल शास्त्री

आम बजट में ग्रामीण भारत के लिए कृषि ऋण में इजाफा, खेती-किसानी से जुड़े स्टार्टअप पर जोर, मोटे अनाज को बढ़ावा, बागवानी के बजट में वृद्धि, मछली पालन पर विशेष ध्यान, बुनियादी ढांचा विकसित कर किसानों को डिजिटली समृद्ध करने जैसी कई लोक-लुभावन घोषणाएं की गई हैं। ये सभी एलान सुनने में रुचिकर लगते हैं, लेकिन जमीन पर क्या स्थिति है?

बजट कहता है कि इस साल 20 लाख करोड़ रुपये कृषि कर्ज के तौर पर किसानों को बांटे जाएंगे। तकनीकी तौर पर देखें, तो यह कर्ज बजट का हिस्सा नहीं है। अब तक की तमाम सरकारें बजट-भाषण में इसकी चर्चा कर वाहवाही लूटने के प्रयास करती रही हैं, पर यह मूलत बैंकों का मसला है। हां, कुछ कर्जों के ब्याज पर सरकार छूट जरूर देती है, मगर वह नाममात्र होती है। इसी तरह, मनरेगा के बजट में इजाफे की घोषणा भी गले नहीं उतर रही। रिजर्व बैंक की रिपोर्ट बताती है कि पिछले तीन साल में इस मद में जितना आवंटन किया गया, खर्च उससे कम किए गए। रिपोर्ट के मुताबिक, लोगों को कम से कम 100 दिनों का काम मिलना चाहिए था, लेकिन उनको केवल 51-53 फीसदी काम मिला। आर्थिक सर्वे इसकी तस्दीक करता है।



देश में 86 फीसदी खेती की जोत का आकार चार हेक्टेयर से कम है, जिससे किसान अपने खाने का खर्च भी बमुश्किल निकाल पाता है। इसका विकल्प वैकल्पिक रोजगार को माना गया है, लेकिन अब गांवों में भी श्रम के तमाम काम मशीनों से किए जाने लगे हैं। इसमें पैसा ठेकेदारों की जेब में जाता है। यही वजह है कि 10 लाख करोड़ रुपये इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के बजटीय प्रावधान भी भरोसा नहीं पैदा कर रहे। इसके तहत अमूमन सड़क या रेलवे के काम होंगे, जिनमें मशीनों को ही महत्व दिया जाएगा। ग्रामीणों को इससे रोजगार नहीं मिलेगा।

बजट में ग्रामीण क्षेत्रों के लिए स्टार्टअप शुरू करने की बात भी कही गई है। मगर गांव के लोगों के पास न तो व्यापार करने के संसाधन हैं, और न उत्पाद। इसका हश्र किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) योजना जैसा हो सकता है, जिसमें किसान खाली हाथ रहे। जैविक खेती का शोर भी ऐसा ही है। जब गांवों में पशुधन कम हो रहे हैं, तब गोबर कहां से मिलेगा और बायोगैस प्लांट कैसे काम करेंगे? देखा जाए, तो इस बजट से ग्रामीण निराश होंगे। किसानों का बड़ा खर्च मूलत तीन मदों में होता है- बीज-खाद पर, जुताई-सिंचाई और कीटनाशकों पर। दुर्भाग्य से, महंगाई का इन पर असर हुआ है और किसानों की लागत बढ़ गई है। इसके बरअक्स किसान सम्मान निधि की वकालत की जा रही है, पर उसकी राशि पिछले तीन वर्ष से नहीं बढ़ी। वैसे भी, इस सम्मान के नाम पर किसानों को हर महीने महज 550 रुपये मिलते हैं, जो महंगाई को देखते हुए काफी कम हैं।

सवाल है, सरकार को करना क्या चाहिए था? असल में, पूरे देश में जितनी जमीन पर खेती होती है, उसका करीब 45 फीसदी हिस्सा ही सिंचित है और उत्पादकता औसतन चार टन प्रति हेक्टेयर है, जबकि असिंचित क्षेत्र की उत्पादकता 1.2 टन प्रति हेक्टेयर। यदि असिंचित क्षेत्र में जल की व्यवस्था कर दी जाए, तो एक साल में उत्पादकता काफी बढ़ सकती है। ग्रामीण गरीबी का 82 फीसदी हिस्सा इसी असिंचित क्षेत्र में रहता है, इसीलिए सिंचाई की 10 वर्षीय योजना बनाकर और खर्च केंद्र व राज्यों में बराबर बांटकर इनका लाभ उठाया जा सकता है।

दूसरी बात, गेहूं, धान, कुछ हद तक गन्ने व कपास को छोड़कर कोई भी अन्य फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर नहीं खरीदी जाती। एक तो सरकार स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू नहीं करती, फिर जो एमएसपी की घोषणा की जाती है, उस पर भी खरीद नहीं होती। यह परंपरा बदलनी चाहिए। इसी तरह, वैकल्पिक रोजगार के सृजन पर भी जोर देना चाहिए, तभी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की तस्वीर बदल सकेगी।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**


स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़









## मुख्यमंत्री मितान योजना : घर बैठे 50 हजार से अधिक नागरिकों तक पहुंची सुविधाएं

- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने योजना की सफलता पर मितानों को दी बधाई
- टोल फ्री नम्बर 14545 पर जरूरी सेवाएं घर पर मिल रहीं
- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की लोक सेवा को सुलभ बनाने की परिकल्पना पर आधारित है योजना




### ऐसे होती है प्रक्रिया

मुख्यमंत्री मितान योजना से लाभान्वित होने के लिये आवेदक मितान की सेवा के लिये टोलफ्री नंबर 14545 पर कॉल करता है। इसके बाद अप्वाइंटमेंट बुक किया जाता है। अप्वाइंटमेंट बुक करने के बाद आवेदक को बुकिंग की जानकारी के साथ एक एसएमएस प्राप्त होता है। इसके बाद तय समय और तारीख को मितान आवेदक के घर पहुंचकर आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करते हैं। मितान घर पहुंचकर टैबलेट के माध्यम से दस्तावेजों को सत्यापित कर पोर्टल पर अपलोड करते हैं। इसके बाद सत्यापित दस्तावेजों को संबंधित विभागों को ऑनलाइन भेजे जाते हैं जो आवेदक से संबंधित दस्तावेज की समीक्षा के बाद प्रमाण पत्र जारी करते हैं।

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन की मुख्यमंत्री मितान योजना के तहत शहरी क्षेत्रों में लोगों को घर बैठे शासकीय सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है। योजना के तहत अब तक 50 हजार से अधिक नागरिकों ने घर बैठे ही अपने जरूरी शासकीय दस्तावेज प्राप्त किए हैं। मुख्यमंत्री मितान योजना के अंतर्गत अब तक लगभग 1 लाख से अधिक नागरिकों ने मितान योजना के टोल फ्री नम्बर 14545 पर सम्पर्क कर शासकीय दस्तावेजों को प्राप्त करने के संबंध में जानकारी हासिल की है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशन में एवं नगरीय प्रशासन विकास विभाग द्वारा नागरिकों को सरकारी दस्तावेज बनवाने हेतु घर पहुँच सेवा 'मुख्यमंत्री मितान योजना' की शुरुआत 01 मई 2022 से प्रदेश के सभी 14 नगर निगमों में प्रारंभ की गई थी। मितान योजना के अंतर्गत प्राप्त सेवाओं में जन्म प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र में सुधार, मृत्यु प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र में सुधार, मूल निवासी प्रमाण पत्र, विवाह पंजीकरण और प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र, दुकान और स्थापना पंजीकरण संबंधी दस्तावेज, भूमि की रिकार्ड की नकल, भूमि सूचना (भूमि उपयोग), आधार कार्ड पंजीकरण, (5 वर्ष तक के बच्चों का) आधार कार्ड में पता एवं मोबाइल नंबर में सुधार, पैन नम्बर प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र, पैन अपडेट एवं डुप्लीकेट इत्यादि सेवाएं घर बैठे मितान सेवा से प्राप्त किए जा सकते हैं। इस सेवा से लोगों को श्रम, समय और धन की बचत हो रही है साथ ही प्रमाण पत्रों को प्राप्त करने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने से भी निजात मिल रही है। वास्तव में छत्तीसगढ़ में मितान योजना से नागरिक सुविधाओं का विस्तार हुआ है और मितान की सेवाओं से नागरिकों को घर बैठे ही शासकीय सुविधाएं मिल रही हैं।

## धान खरीदी की व्यवस्थाओं से खिल उठे किसानों के चेहरे

श्रीकंचनपथ न्यूज

बिलासपुर। खरीफ विपणन वर्ष 2022–23 में जिले में समर्थन मूल्य पर 1 नवम्बर से शुरू धान खरीदी अभियान के तहत 5 लाख 13 हजार मीट्रिक टन धान खरीदी की गई जो कि लक्ष्य का 94 फीसदी है। किसानों को सहूलियत देते हुए 138 धान खरीदी केंन्द्रो के माध्यम से धान खरीदी की गई। यह अब तक का बिलासपुर जिले में सर्वाधिक धान खरीदी का रिकार्ड है।



गतवर्ष की अपेक्षा इस बार किसानों से अधिक धान खरीदी की गई है। इस वर्ष धान खरीदी की समुचित व्यवस्थाओं से किसानों के चेहरे खिल उठे। उन्होंने शासन की खरीदी की व्यवस्था की तारीफ करते हुए उनके प्रति आभार जताया। वन अधिकार पत्र धारक 811 किसानों से 48 हजार क्विंटल धान की खरीदी इस वर्ष की गई है। खाद्य विभाग के अधिकारियो ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में जिले में 1 लाख 19 हजार 150 किसानों से 5 लाख 13 हजार मीट्रिक टन धान खरीदी की गई।

जिसके एवज में 104 करोड़ 30 लाख रूपए का ऑन लाईन भुगतान उनके खातों में किया गया है। जिले में पंजीकृत किसानों की संख्या 1 लाख 23 हजार 366 है। इसके साथ ही 97 प्रतिशत् धान का उठाव भी किया जा चुका है। जिले के सहकारी बैंक की विभिन्न शाखाओं के माध्यम से किसानों के खाते में 104 करोड़ 30 लाख रूपए का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जा चुका है। कलेक्टर श्री सौरभ कुमार ने धान खरीदी अभियान को सफल बनाने पर अभियान में लगे सभी अधिकारियों कर्मचारियों को बधाई दी है।

### खास खबर

## दिव्यांगता प्रमाण -पत्र के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने आज यहां कलेक्टोरेट के रेडक्रास सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक लेकर स्वास्थ्य अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत विभिन्न पदों पर भर्ती की प्रक्रिया को पूर्ण करने कहा। जिले में निर्माणाधीन स्वास्थ्य केन्द्र भवन को यथाशीघ्र पूर्ण कारनेवक निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाश छिकारा, सहायक कलेक्टर जयंत नाहटा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथिलेश चौधरी सहित अन्य चिक्तिसा अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में उन्होंने मातृ स्वास्थ्य की समीक्षा करते हुए चिरायु टीम को गंभीर बीमारी से ग्रसित बच्चो का पूर्ण इलाज करने के निर्देश दिए।इसी तरह श्रवण बाधित,दृष्टि बाधित और हृदय रोग से पीड़ित बच्चो का निरीक्षण और परीक्षण तथा समुचित इलाज का प्रबंधन शिक्षा विभाग,महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण से समन्वय बना कर करें। दिव्यांगता प्रमाण पत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाने को।कहा।उन्होंने संस्थागत प्रसव में प्रगति लाने के निर्देश भी दिये। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो में डिलीवरी प्वाइंट बढ़ाने को कहा। स्वास्थ्य केन्द्रो में कम प्रसव पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आगामी माह में सुधार करने के निर्देश दिए।

### बीएसपी बिरादरी ने माह जनवरी में कीर्तिमानों की झड़ी लगा दी

## कोक ओवन, यूआरएम, सिंटर प्लांट, ब्लास्ट फर्नेस-8 एसएमएस-3 ने सर्वश्रेष्ठ उत्पादन के रचे कीर्तिमान

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र ने नए वर्ष के प्रथम माह जनवरी 2023 में नए कीर्तिमानों की झड़ी लगा दी। जहां हॉट मेटल, क्रूड स्टील एवं सेलेबल स्टील प्रोडक्षन के टूटे रिकॉर्ड वहीं बीएसपी के कोक ओवन, यूआरएम, सिंटर प्लांट–3, ब्लास्ट फर्नेस–8 तथा एसएमएस–3 ने उत्पादन के साथ–साथ टेक्नो–इकॉनामिक्स में भी नये कीर्तिमान स्थापित किए हैं। संयंत्र के इतिहास में पहली बार तीनों प्रोडक्षन पैरामीटर अर्थात हॉट मेटल, क्रूड स्टील एवं सेलेबल स्टील प्रोडक्षन में संयंत्र ने 5 लाख टन के आंकड़े को पार किया।



इस उपलब्धि के लिए संयंत्र के निदेशक प्रभारी श्री अनिर्बान दासगुप्ता तथा कार्यपालक निदेषक (वर्क्स) श्री अंजनी कुमार ने कार्मिकों व अधिकारियों को श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए बधाई प्रेषित की। साथ ही उन्होंने माइन्स तथा इन विभागों के सहयोगी विभागों को भी शुभकामनाएं दी। संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग ने जनवरी 2023 में दैनिक इक्केलेंट ओवन पुषिंग में 806 ओवन पुषिंग का मासिक कीर्तिमान रचते हुए दिसम्बर 2009 में बनाए गए 792 ओवन पुषिंग के अपने मासिक कीर्तिमान को पीछे छोड़ा। सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र की मोडेक्स यूनिट, यूनिवर्सल रेल मिल ने जनवरी 2023 में रेल्स उत्पादन में सर्वश्रेष्ठ मासिक उत्पादन का नया रिकॉर्ड दर्ज किया। यूनिवर्सल रेल मिल ने जनवरी 2023 में सर्वश्रेष्ठ मासिक कीर्तिमान स्थापित करते हुए 77,513 टन फिनिष्ड रेल 72,506 टन प्राइम रेल की रोलिंग कर नवम्बर 2022 में फिनिष किए गए 76,496 टन फिनिष्ड रेल तथा 72,026 टन प्राइम रेल के अपने पिछले मासिक रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। उल्लेखनीय है कि भारतीय रेलवे एवं राइट्स से प्राप्त सहयोग से इन उपलब्धियों को पाना संभव हो सका।

संयंत्र की सिंटर प्लांट–3 ने भी अपने उत्पादन रिदम को बनाये रखते हुए जनवरी 2023 में 5,17,703 टन सिंटर का उत्पादन कर एक नया मासिक कीर्तिमान स्थापित किया है जो कि पूर्व में मार्च 2022 में कायम मासिक रिकॉर्ड 5,17,266 टन सिंटर के उत्पादन से कहीं अधिक है। संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस–8 ने मासिक कोल्ड डस्ट इंजेक्षन (सीडीआई) दर में वृद्धि कर एक नया मासिक कीर्तिमान रचा है। जनवरी 2023 को 159 किलोग्राम प्रति टन हॉट मेटल इंजेक्ट कर सर्वोच्च मासिक कोल्ड डस्ट इंजेक्षन दर का नया कीर्तिमान बनाते हुए सेल के सभी ब्लास्ट फर्नेस को पीछे छोड़ा। विदित हो कि राऊरकेला स्टील प्लांट द्वारा अप्रैल, 2018 को बनाए गए 158 किलोग्राम प्रति टन हॉट मेटल के कोल्ड डस्ट इंजेक्षन दर के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए बीएसपी के ब्लास्ट फर्नेस–8 ने नया इतिहास रचा है।

सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र के मॉडेक्स इकाई स्टील मेल्टिंग शॉप–3 (एसएमएस–3) ने मासिक उत्पादन का एक और नया कीर्तिमान स्थापित किया है। जनवरी 2023 को 304758 टन क्रूड स्टील का मासिक उत्पादन कर नवम्बर, 2022 के 286195 टन क्रूड स्टील के अपने मसिक उत्पादन रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए नया रिकॉर्ड बनाने में कामयाबी हासिल की।

## जिला स्तरीय रामायण प्रतियोगिता का संसदीय सचिव ने किया शुभारंभ



श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर।** रामायण मंडली प्रोत्साहन योजना के तहत आज जिला स्तरीय रामायण मंडली प्रतियोगिता का आयोजन कलागुड़ी परिसर में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ संसदीय सचिव श्री रेखचंद जैन द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में शिवशक्ति मानस मंडली लोहंडीगुड़ा, विहंगम भजन मंडली तोकापाल, सूर श्रृंगार मानस मंडली जगदलपुर, ओम शिव शक्ति मानस मंडली बकावंड और शिव शक्ति मानस मंडली बस्तर ने भगवान राम के रामायण में अंकित विभिन्न प्रसंगों की बखूबी प्रस्तुति दी और वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अथिति संसदीय सचिव और विधायक श्री रेखचंद जैन इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ में भगवान राम और रामायण के प्रति अटूट श्रद्धा है और प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल प्रदेश का विकास करने के साथ साथ सांस्कृतिक धरोहर को संवारने का काम कर रहे है। उन्होंने रामजी से जुड़े क्षेत्रों को संवारने का काम किया है।

इसका उदाहरण चंदखुरी स्थित माता कौशल्या का मंदिर है और राम वन पथ गमन को सांस्कृतिक धरोहर के रूप में संवारने का काम किया जा रहा है। सरकार द्वारा रामायण मंडली को प्रोत्साहित करने रामायण मंडली प्रोत्साहन योजना की शुरुआत की गई है, जिसके तहत विकासखंड स्तर की विजेता मंडली को 10 हजार, जिला स्तर की विजेता मंडली को 50 हजार और जिला स्तर की विजयी मंडली को राजिम में राज्य स्तरीय रामायण मंडली प्रतियोगिता में शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा। यहां विजेता मंडली को पुरस्कार के रूप में 5 लाख का पुरस्कार दिया जायेगा। निर्णायकगणों की भूमिका श्री लखेश्वर खुद राम, शिव नारायण पाण्डेय, श्री सूरज कश्यप, और श्री नन्द कुमार पटेल ने निभाई।

## शिक्षा,स्वास्थ्य, कृषि,पोषण सहित शासन की योजनाओं की मिल रही जानकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

जांजगीर–चाम्पा। शासकीय हाई स्कूल मैदान में आयोजित जाज्वल्य देव् महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला स्थल में एक तरफ जहाँ लोग विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों से आकर्षक मनोरंजन का आनन्द उठा रहे हैं, वहीं मिलेट थीम पर आयोजित कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल से शासन के विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी ले पा रहे हैं। उन्हें शिक्षा,स्वास्थ्य,कुपोषण दूर करने, पेयजल आपूर्ति व शुद्धता सहित विभिन्न उत्पादों की जानकारी मिलने के साथ छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का स्वाद लेने और अन्य मनपसंद उत्पाद को क्रय करने का अवसर भी मिल रहा है।




जाज्वल्यदेव् लोक महोत्सव का शुभारंभ आज से हो गया है। तीन दिवसीय महोत्सव में सांस्कृतिक छटा की शुरुआत हो चुकी है। पहले दिन प्रसिद्ध पंडवानी गायिका श्रीमती ऋतु वर्मा ने शानदार प्रस्तुति से समा बाँधा। अपने भाव भंगिमाओं से प्राचीन गाथाओं के कालखंड को प्रस्तुत कर तालियां बटोरी। स्थानीय कलाकारों ने भी आर्केस्ट्रा से लोगों का मनोरंजन किया। महोत्सव स्थल पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग,छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान, सी–मार्ट, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, आयुष विभाग, आदिवासी विकास विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग,ग्रामोद्योग व हथकरघा विभाग, विधिक साक्षरता सहित अन्य विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। नगर पालिका द्वारा स्व सहायता समूह के द्वारा तैयार उत्पादों की जानकारी दी गई है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच की सुविधा दी जा रही है। स्टॉल में शुगर तथा ब्लड प्रेशर की जाँच के साथ दवाइयां भी दी जा रही है। आयुष विभाग द्वारा भी जाँच के साथ दवाइयां दी जा रही है।

कार्यक्रम स्थल पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा एकल ग्राम जल प्रदाय योजना को प्रदर्शित किया गया है। इसके साथ ही विभाग द्वारा निःशुल्क जल परीक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। आम नागरिक अपने घर से किसी बोतल में एक लीटर पानी लाकर उसका परीक्षण करा सकते हैं। यहाँ विशेषज्ञ द्वारा जल परीक्षण के साथ इसे शुद्ध करने की विधि भी बताई जाएगी।

## जिला शिक्षा कार्यालय भवन का जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने जीर्णोंद्धार कर नए कायाकल्प में निर्मित जिला शिक्षा कार्यालय रायपुर का लोकार्पण किया। उन्होंने इस अवसर पर कार्यालय के कक्षों का अवलोकन किया। डॉ. टेकाम ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि नए वर्ष में नए भवन नए सिरे से इस कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी नए उत्साह के साथ कार्य करें। उल्लेखनीय है कि जिला शिक्षा कार्यालय भवन का जीर्णोंद्धार 40 लाख रूपए की लागत से हुआ है। मंत्री डॉ. टेकाम ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की सोच के अनुरूप प्रदेश में बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए स्वामी आत्मानंद स्कूल संचालित हो रहे है। उन्होंने कहा कि स्कूलों के जीर्णोंद्धार कार्य भी शिक्षा सत्र शुरू होने के पहले पूर्ण हो। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने स्कूलों की मरम्मत के लिए बजट में प्रावधान किया है। अच्छा भवन होने से काम करने में भी अच्छा लगता है।







## खास खबर...

### राष्ट्रीय खेल-कूद प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 32 प्रतिभागी चयनित

**रायपुर (ए)।** एकल अभियान से संबद्ध अभ्युदय यूथ क्लब द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खेल कूद समारोह 5 से 7 फरवरी को उत्तरप्रदेश के लखनऊ स्थित के. डी.सिंह बाबू स्टेडियम में संपन्न होगा। वन बंधु महिला समिति की मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि खेलेगा भारत-बढ़ेगा भारत अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्तर पर छत्तीसगढ़ प्रांत के अंतर्गत अक्टूबर से दिसंबर माह में स्कूलों में खेल-कूद स्पर्धा का आयोजन किया गया। इसके बाद विजयी छात्रों को 30 स्कूलों के गुट, पश्चात 270 स्कूलों के गुट के चयनित प्रतिभागियों से स्पर्धा करवा राज्य स्तरीय स्पर्धा का आयोजन राजनांदगांव में किया गया। इसमें 32 खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर में होने वाली प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया। छत्तीसगढ़ प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष दीपक भीमसरिया ने बताया कि 27 राज्यों से कुल 864 चयनित प्रतिभागी अपनी कला का प्रदर्शन लखनऊ में करेंगे। छत्तीसगढ़ से चयनित प्रतिभागी 3 फरवरी को रायपुर रेलवे स्टेशन में गरीबरथ एक्सप्रेस से उत्तरप्रदेश के लिए रवाना हो रहे है।

प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता खंडेलवाल व महिला समिति अध्यक्ष कांता सिंघानिया ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के छात्रों के बीच लंबी कूद, दौड़, ऊंची कूद सहित कुश्ती व कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।उक्त प्रतियोगिता में देशभर के करीब 32 लाख छात्रों ने हिस्सा लिया था। वन बंधु परिषद के समस्त पदाधिकारियों ने चयनित प्रतिभागियों को बधाई दी देते हुए विश्वास जताया है की राष्ट्रीय स्तर में भी छत्तीसगढ़ प्रदेश का परचम लहराएगा।

### उमंग-2023: स्कूली बच्चों ने लोकप्रिय धुनों पर नृत्य से बांधा समा

**रायपुर (ए)।** अग्रसेन महाविद्यालय पुरानी बस्ती में 'उमंग-2023' के तहत बुधवार को इंटर-स्कूल डांस कम्पीटिशन में विभिन्न शालाओं के प्रतिभागियों ने फिल्मी और पारंपरिक लोक नृत्यों के साथ-साथ आधुनिक नृत्यों पर रंगारंग प्रस्तुति दी। खूबसूरत पोशाकों में सजे इन प्रतिभागियों ने समूह नृत्य के जरिये अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों की भरपूर वाहवाही लूटी।प्रतियोगिता में राजधानी की सुपरिचित नृत्य प्रशिक्षक सुमित तिवारी और आशीष ठाकुर निर्णायक के रूप में आमंत्रित थे। इन सभी ने नृत्य की प्रस्तुति, ताल और संयोजन के आधार पर सर्वश्रेष्ठ प्रतियोगियों का चयन किया। श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर एकल वर्ग में ऐश्वर्य धीवर (अग्रसेन पब्लिक स्कूल) को प्रथम और आयशा परवीन (वीर छत्रपति शिवाजी स्कूल) को उपविजेता चुना गया। वहीं समूह नृत्य में साक्षी ग्रुप (जे.के. दानी स्कूल) को विजेता होने का गौरव मिला और भारतमाता ई स्कूल के संजना डांस ग्रुप को उपविजेता चुना गया। आयोजन में श्रेष्ठ प्रदर्शन का खिताब जेके दानी स्कूल को दिया गया।इस मौके पर जैतू साव मठ के न्यासी महेंद्र अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के नव-निर्वाचित अध्यक्ष एवं अग्रसेन शिक्षण समिति के तकनीकी सलाहकार अनुराग अग्रवाल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। अग्रसेन शिक्षण समिति के कोषाध्यक्ष अजय दानी एवं एन.आई.टी. के पूर्व निदेशक डॉ के.के. सुगंधी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इन सभी ने स्कूली बच्चों के प्रदर्शन की मुक्त-कंठ से सराहना की। कार्यक्रम के समापन पर एकल और समूह वर्ग में विजेता, उपविजेता प्रतिभागियों को ट्राफी एवं प्रमाण पत्र वितरित किये गए।

# शैक्षिक गुणवत्ता के साथ व्यक्तित्व विकास की दिशा में आयोग करे विशेष प्रयासः राज्यपाल अनुसुईया उइके

## राज्यपाल छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के स्थापना दिवस समारोह में हुईं शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्यपाल एवं कुलाध्यक्ष सुश्री अनुसुईया उइके रायपुर के नवीन विश्रामभवन में आयोजित छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के 18 वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुईं। इस अवसर पर राज्यपाल ने आयोग की भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि आयोग को राज्य में शिक्षा की स्थिति को बेहतर करने की दिशा में विशेष प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि आयोग को न केवल निजी विश्वविद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने की दिशा में बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए भी विशेष रूप से कार्य करने की जरूरत है। इस समारोह में राज्यपाल ने आयोग की स्मारिका 'ज्ञानामृत' का विमोचन किया एवं आयोग के हेल्पलाईन नम्बर का भी शुभारंभ किया गया। इसके अलावा राज्यपाल ने भारत से टी.बी. रोग के उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे, प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान के देशव्यापी प्रचार-प्रसार कर जनजागरूकता का भी आह्वान किया।




राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में उच्च शिक्षा प्रदान करने वाले स्ववित्तीय विश्वविद्यालयों की स्थापना, संचालन एवं उनके विनियमन के उद्देश्य से इस आयोग की स्थापना की गई थी। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में 16 निजी विश्वविद्यालय स्थापित हैं एवं इन विश्वविद्यालयों में देश-विदेश के विद्यार्थी बड़ी संख्या में अध्ययनरत् हैं। कुलाध्यक्ष ने कहा कि आयोग निजी विश्वविद्यालयों के निरीक्षण व मार्गदर्शन कर शैक्षणिक जगत में एक उच्च मापदण्ड स्थापित करने के लिए प्रयत्नशील है परंतु अभी भी विद्यार्थियों के हित में आयोग को अनेक कार्य करने की आवश्यकता है। राज्यपाल ने आशा व्यक्त कि आयोग के मार्गदर्शन में निजी विश्वविद्यालयों में अध्ययन अध्यापन और शोध का कार्य उच्च मापदण्डों के साथ स्थापित होगा। उन्होंने कहा कि राज्य में शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि के साथ-साथ विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास की दिशा में भी आयोग को विशेष रूप से प्रयास करना होगा। इसके लिए राज्यपाल ने आयोग को निजी विश्वविद्यालयों और सरकार के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी निजी विश्वविद्यालय पात्रतानुसार नैक और अन्य मूल्यांकन करने वाले नियामक अभिकरणों से अपना परीक्षण करवायें। राज्यपाल ने कहा कि आयोग द्वारा विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों के हितों को ध्यान रखते हुए कई उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। आयोग द्वारा वेब पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थियों के प्रवेश से संबंधित अभिलेख का संधारण किया जा रहा है। साथ ही आयोग द्वारा विद्यार्थियों की समस्याओं के निराकरण के लिए हेल्पलाईन नम्बर 18002333375 भी प्रारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि इसी तरह विद्यार्थियों के हित में नवाचारों को प्रोत्साहन देना होगा और विश्वविद्यालय विनियामक अधिनियम के तहत् बताए गए उद्देश्यों की पूर्ति के लिए आयोग और विश्वविद्यालयों दोनों को सतत् प्रयत्नशील रहना होगा। साथ ही राज्यपाल ने कहा कि शोध और पेटेंट प्राप्त करने के क्षेत्र में भी निजी विश्वविद्यालय अग्रसर हों। इस संबंध में आयोग के अध्यक्ष से विशेष प्रयास का आग्रह किया।

राज्यपाल ने कहा कि देश में लागू राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में भी अनेक कार्य हो रहे हैं। आयोग को इस संबंध में प्रदेश के निजी विश्वविद्यालयों में भी इनको समुचित ढंग से लागू किये जाने के लिए उचित व्यवस्था की जानी चाहिए। इसके लिए निजी विश्वविद्यालयों में इसके प्रावधानों एवं उसके क्रियान्वयन को लेकर निजी विश्वविद्यालयों के साथ बैठकर विमर्श करने की बात कही।

इसके अलावा राज्यपाल ने 2025 तक देश को पूर्णतः टी.बी. के रोग से मुक्त करने के लिए चलाए जा रहे, प्रधानमंत्री टी.बी.मुक्त भारत अभियान के प्रचार-प्रसार कर, लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि क्षय रोगियों को कई सामाजिक एवं आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसलिए उन्होंने देश-प्रदेश की जनता से इस अभियान के तहत् प्रारंभ किए गए नि-क्षय 2.0 पोर्टल पर अपना पंजीकरण कर नि-क्षय मित्र के रूप में क्षय रोगियों को गोद लेकर उनके ईलाज में मदद करने का आग्रह किया।

इस अवसर पर निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष उमेश मिश्रा ने आयोग की गतिविधियों एवं प्रगति के संबंध में जानकारी दी। भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी सुशील त्रिवेदी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक शिक्षा के क्षेत्र में सभी विश्वविद्यालयों को स्वायत्ता की बेहद जरूरत है। साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालयों को एक लीडरशीप डेवलप करते हुए अपने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए एक बेहतर नीति के तहत् कार्य करने की आवश्यकता बताई। साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालयों में लोकतंत्र के लागू करने की आवश्यकता भी बतलाई। श्री त्रिवेदी ने युवाओं को देश के लिए तैयार करने के उद्देश्य से विश्वविद्यालयों में तकनीकी प्रगति को भी स्वीकारने की बात कही। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलपति ए.डी.एन. वाजपेयी ने कहा कि राज्य में गुणवत्तपूर्ण शिक्षा के विस्तार के लिए निजी विश्वविद्यालयों को आत्मअवलोकन करते हुए आगे बढ़ना होगा। निजी विश्वविद्यालय संघ के अध्यक्ष गजराज पगारिया ने भी सभा को संबोधित किया।

इस अवसर पर विभिन्न निजी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने राज्यपाल को स्मृति चिन्ह,शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर रविशंकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.के.एल.वर्मा एवं सी.एस.वी.टी.यू विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.मुकेश वर्मा सहित निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के सदस्य, कर्मचारी, निजी विश्वविद्यालयों के कुलपति एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना से मिल रही निःशुल्क ईलाज एवं स्वास्थ्य जांच की सुविधा

### अब तक करीब 39.76 लाख से अधिक लोगों का हुआ निःशुल्क इलाज

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल से शहरी क्षेत्र के स्लम बस्तियों में रहने वाले गरीब परिवारों को निःशुल्क उपचार की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के माध्यम से अब तक 39 लाख 76 हजार 285 लोगों का इलाज मोबाइल मेडिकल यूनिट के चिकित्सा दल द्वारा स्लम बस्तियों में लोगों के घरों के पास ही पहुंचकर किया गया है। योजना के तहत अब पूरे राज्य के नगरीय क्षेत्रों के स्लम बस्तियों में चिकित्सक, पैरामेडिकल टीम, मेडिकल उपकरण एवं दवाओं से लैस 120 मोबाइल मेडिकल यूनिट पहुंचकर लोगों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करा रही है।




इस योजना के माध्यम से अब तक 9 लाख 18 हजार 484 मरीजों की पैथालॉजी टेस्ट की जा चुकी है। साथ ही 33 लाख 65 हजार 323 से अधिक मरीजों को निःशुल्क दवाएं भी दी गई हैं। लाभान्वित मरीजों में 2 लाख 64 हजार 973 श्रमिक भी हैं।

छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत अब तक राज्य के 169 नगरीय निकायों की स्लम बस्तियों में 52 हजार 892 कैम्प लगाकर लोगों की निःशुल्क जांच व उपचार कर दवाईयां दी गई हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि नगरीय क्षेत्रों की तंग बस्तियों के एवं अन्य जरूरत मंद लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवायें उपलब्ध कराया जाए।

गौरतलब है कि राज्य के 14 नगर निगम क्षेत्रों की स्लम बस्तियों में रहने वाले लोगों को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के प्रथम चरण की शुरूआत 01 नवम्बर 2020 को हुई थी। इसके तहत 60 मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा स्लम बस्तियों में जाकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार एवं दवा वितरण की शुरूआत की गई थी। 31 मार्च 2022 को इसका विस्तार पूरे राज्य के नगरीय निकाय क्षेत्रों में किया गया तथा 60 और नई मोबाइल मेडिकल यूनिट शुरू की गई।

### जिला शिक्षा कार्यालय भवन का जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सरकार कर रही हर संभव प्रयास- मंत्री डॉ. टेकाम

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने जीर्णोद्धार कर नए कायाकल्प में निर्मित जिला शिक्षा कार्यालय रायपुर का लोकार्पण किया। उन्होंने इस अवसर पर कार्यालय के कक्षों का अवलोकन किया। डॉ. टेकाम ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि नए वर्ष में नए भवन नए सिरे से इस कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी नए उत्साह के साथ कार्य करें। उल्लेखनीय है कि जिला शिक्षा कार्यालय भवन का जीर्णोद्धार 40 लाख रूपए की लागत से हुआ है।

मंत्री डॉ. टेकाम ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सोच के अनुरूप प्रदेश में बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए स्वामी आत्मानंद स्कूल संचालित हो रहे है। उन्होंने कहा कि स्कूलों के जीर्णोद्धार कार्य भी शिक्षा सत्र शुरू होने के पहले पूर्ण हो। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्कूलों की मरम्मत के लिए बजट में प्रावधान किया है। अच्छा भवन होने से काम करने में भी अच्छा लगता है।

# कलेक्टर ने ली जिला स्वास्थ समिति की बैठकः प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में डिलीवरी प्वाइंट बढ़ाने के दिए निर्देश

### दृष्टि एवं श्रवण बाधित बच्चों का चिन्हांकन कर आवश्यक उपकरण समय पर उपलब्ध कराएं

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने कलेक्टोरेट के रेडक्रास सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक लेकर स्वास्थ्य अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत विभिन्न पदों पर भर्ती की प्रक्रिया को पूर्ण करने कहा। जिले में निर्माणाधीन स्वास्थ्य केन्द्र भवन को यथाशीघ्र पूर्ण कारनेवक निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाश छिकारा, सहायक कलेक्टर जयंत नाहटा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथिलेश चौधरी सहित अन्य चिक्तिसा अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में उन्होंने मातृ स्वास्थ्य की समीक्षा करते हुए चिरायु टीम को गंभीर बीमारी से ग्रसित बच्चो का पूर्ण इलाज करने के निर्देश दिए। इसी तरह श्रवण बाधित, दृष्टि बाधित और हृदय रोग से पीड़ित बच्चो का निरीक्षण और परीक्षण तथा समुचित इलाज का प्रबंधन शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण से समन्वय बना कर करें। दिव्यांगता प्रमाण पत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाने को कहा। उन्होंने संस्थागत प्रसव में प्रगति लाने के निर्देश भी दिये। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो में डिलीवरी प्वाइंट बढ़ाने को कहा। स्वास्थ्य केन्द्रो में कम प्रसव पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आगामी माह में सुधार करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सभी खण्ड चिकित्सा अधिकारी को इस संबंध में स्वास्थ्य केन्द्रो की संस्थावार समीक्षा कर प्रगति लाने को कहा।




समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने आर.बी.एस.के. कार्यक्रम के तहत टीम को कार्य योजना के अनुरूप ही स्कूल का भ्रमण करने एवं स्क्रीन किये गये बच्चों का शत् प्रतिशत पोर्टल में एन्ट्री अपडेट करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्क्रीनिंग के दौरान ऐसे बच्चें जिनकी दृष्टि कमजोर है, उन्हें अनिवार्य रूप से चश्मा उपलब्ध कराने की बात कही। इसी तरह प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत मेडिकल कॉलेज, जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल, सभी सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो में आयोजित किया जा रहा है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटरप्यूरीफायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंक रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोन: 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

# बच्चों का मन पढ़ाई में लगाने के लिए अपनाएं ये 5 टिप्स



बच्चों को संभालना बिल्कुल भी आसान नहीं है। माता-पिता के रूप में आपको बच्चों की परवरिश के लिए बहुत ही धैर्य की जरूरत होती है, खासकर जब उन्हें कुछ पढ़ाने या सिखाने की बात आती है। ऐसा इसलिए क्योंकि बच्चों का दिमाग आमतौर पर भटकता रहता है, जिसकी वजह से आपको उन्हें पढ़ाने के लिए दिलचस्प तरीके तलाशने की जरूरत होती है। आइए आज हम आपको बच्चों का मन पढ़ाई में लगाने के पांच तरीके बताते हैं।

### बच्चों के साथ बैठें और पढ़ाई को मजेदार बनाएं

पेरेंट्स अपने बच्चों को पढ़ाते समय सख्त हो जाते हैं और उन्हें डांटने लगते हैं, जिसकी वजह से उनमें डर पैदा हो जाता है और वह पढ़ाई से बचने की कोशिश करने लगते हैं। इसकी वजह से कुछ बच्चे शिक्षा में रुचि भी खो देते हैं। ऐसे में आपको बच्चों के साथ बैठकर उन्हें पढ़ाई के लिए प्यार से प्रेरित करना चाहिए। इसके अलावा आप अपना आपा खोए बिना पढ़ाई के समय को मजेदार और आकर्षक बनाने की कोशिश करें।

### बच्चों का मनोबल बढ़ाने का प्रयास करें

बच्चों का पढ़ाई में मनोबल बढ़ाने का मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि आप उन्हें महंगी चीजें उपहार में दें। इसकी बजाय आप पीठ थपथपाकर, चॉकलेट देकर या कार्टून के लिए आधे घंटे का अतिरिक्त समय देकर भी उन्हें खुश कर सकते हैं और पढ़ाई में उन्हें अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। इसके अलावा बच्चों की छोटी-छोटी उपलब्धियों को स्वीकार करें, उनकी तारीफ करें और उनकी सराहना करें। इससे वह पढ़ाई करने में रुचि दिखाएंगे।

### बच्चों को सवाल पूछने के लिए प्रोत्साहित करें

पढ़ाई करने के दौरान अपने बच्चे को सवाल पूछने के लिए प्रोत्साहित करें, फिर चाहें वह आम से सवाल ही क्यों न हों। पेरेंट्स होने के नाते बच्चों के सवालों को जज किए बिना उनकी जिज्ञासा को संतुष्ट करने के लिए सही जवाब दें। इसके साथ ही अपने बच्चों से स्कूल में रोजाना पढ़ाए जाने वाले विषयों के बारे में पूछें, ताकि उनकी सतर्कता बढ़ सके। इसके अलावा बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए उनकी राय को भी सुनें।

### बच्चे को अधिक पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें

जो बच्चे पढ़ना पसंद करते हैं, उनमें अक्सर पढ़ाई के प्रति रुचि विकसित हो जाती है, इसलिए उन्हें रोजाना ज्यादा पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें और बच्चों में अच्छी आदत डालने की कोशिश करें। इसके लिए आप कभी-कभी उन्हें किताब पढ़कर भी सुना सकते हैं, ताकि बच्चों की कल्पना शक्ति को बढ़ाया जा सके और पढ़ने और सीखने के लिए उनकी इच्छा विकसित की जा सके। इसके लिए आप रोजाना एक घंटा अलग निकाल सकते हैं।

### पढ़ाई का सही माहौल बनाएं

पेरेंट्स के रूप में बच्चे की पढ़ाई के लिए सही माहौल बनाना बहुत महत्वपूर्ण है। ऐसा इसलिए क्योंकि यह उन्हें बगैर किसी बाधा या परेशानी के पढ़ाई करने के लिए ध्यान केंद्रित करने में मदद कर सकता है। इसके लिए इस बात पर ध्यान दें कि पढ़ाई वाली जगह पर कोई भाई-बहन खेल या टीवी नहीं देख रहे हों, ताकि आपके बच्चे का मन अन्य चीजों से न भटके।

# कॉमेडी फिल्म द क्रू में तब्बू, करीना और कृति के साथ दिखेंगे दिलजीत दोसांझ



उड़ता पंजाब और गुड न्यूज जैसी बॉलीवुड फिल्मों में अपने अभिनय का जादू चलाने के बाद अभिनेता-गायक दिलजीत दोसांझ अब कॉमेडी फिल्म द क्रू में तीन बॉलीवुड अभिनेत्रियों तब्बू, करीना कपूर खान और कृति सैनन के साथ स्क्रीन शेयर करने वाले हैं। फिल्म के निर्माताओं ने मंगलवार को इस बात की जानकारी दी। फिल्म का निर्देशक राजेश कृष्णन करने वाले हैं और इसकी शूटिंग मार्च में शुरू होगी। आइए फिल्म से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें जानते हैं।


रिया कपूर ने फिल्म में दिलजीत की एंट्री की पुष्टि की है। रिया ने कहा, दिलजीत को कास्ट में शामिल करने के लिए हम रोमांचित हैं। यह फिल्म बहुत खास होने वाली है, यह आपके द्वारा पहले देखी गई किसी भी एंटरटेनर फिल्म से अलग होगी। हम दर्शकों को एक रोमांचक और यादगार सिनेमा अनुभव प्रदान करने के लिए उत्साहित हैं।


रिपोर्ट्स के मुताबिक, द क्रू एक ऐसी फिल्म है, जो अलग-अलग आयु वर्ग की तीन महिलाओं के जीवन के इर्द-गिर्द घूमेगी। वे सभी संघर्ष कर रही एक एयरलाइन उद्योग में काम करती हैं और अपने जीवन में परेशान हैं। वे कुछ अलग करना चाहती हैं, लेकिन उनकी नियति ने उनके लिए कुछ और ही सोच रखा होता है। उनकी किस्मत बार-बार उन्हें चुनौती देती है और परेशानी में डाल देती है। आगामी प्रोजेक्ट के साथ दिलजीत तीसरी बार करीना के साथ स्क्रीन शेयर करने वाले हैं। उन्हें पहली बार साल 2016 में रिलीज हुई अभिषेक चौबे की क्राइम फिल्म उड़ता पंजाब में एक साथ देखा गया था। इसके बाद दोनों राज मेहता की कॉमेडी फिल्म गुड न्यूज में साथ दिखे, जिसमें अभिनेता अक्षय कुमार और अभिनेत्री कियारा आडवाणी भी लीड रोल मे थे। यह फिल्म साल 2021 में रिलीज हुई थी।

द क्रू रिया और एकता कपूर के प्रोडक्शन हाउस, बालाजी मोशन पिक्चर्स लिमिटेड की निर्मित फिल्म है। इस फिल्म के साथ दोनों निर्माता एक बार फिर एक प्रोजेक्ट पर सहयोग करने के लिए साथ आए हैं। इससे पहले दोनों ने फिल्म वीरे दी वेडिंग का निर्माण किया था, जिसे शशांक घोष ने निर्देशित किया था। साल 2018 की इस फिल्म में करीना के साथ सोनम कपूर आहूजा, स्वरा भास्कर और शिखा तलसानिया लीड रोल में थी।

# दीपिका-प्रभास की 'प्रोजेक्ट के' दो भागों में होगी रिलीज, 'बाहुबली' की तर्ज पर बन रही फिल्म

दीपिका पादुकोण और प्रभास जल्द ही पैन इंडिया फिल्म 'प्रोजेक्ट के' में दिखेंगे। इस फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है क्योंकि इसके जरिए दीपिका-प्रभास पहली बार साथ काम कर रहे हैं, वहीं फिल्म में अमिताभ बच्चन भी हैं, जो इसे लेकर दर्शकों की उत्सुकता को और बढ़ाते हैं। अब खबर है कि यह फिल्म 'बाहुबली' की तरह भव्य होगी और इसे भी दो भागों में रिलीज करने की योजना है। आइए जानते हैं क्या जानकारी मिली है।





### पूरी हो गई पहले भाग की शूटिंग

पिंकविला के मुताबिक, 'प्रोजेक्ट च' को बनाने की निर्देशक की सोच बहुत बड़ी है, जिसके चलते इसे दो भागों में रिलीज करने का फैसला किया गया है। यह 'बाहुबली' की तरह होगी और भारतीय सिनेमा की बड़ी फिल्म होगी। वैजयंती मूवीस फिल्म का निर्माण कर रही है, जिसके सिनेमा निर्माण में 50 साल पूरे हो रहे हैं। पहले भाग की शूटिंग पूरी हो गई है। फिलहाल दूसरे भाग की शूटिंग की जा रही है। दोनों अलग-अलग समय पर रिलीज होंगे।

### कई भाषाओं में रिलीज होगी फिल्म

मूल रूप से यह तेलुगु में बन रही है, जिसे ना सिर्फ हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में, बल्कि अंग्रेजी भाषा में भी रिलीज करने की योजना है। इस फिल्म में अमिताभ की भूमिका महाभारत के अश्वत्थामा से प्रेरित है, वही प्रभास एक सुपरहीरो के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में ऐसे विजुअल दिखाए जाएंगे, जिन्हें पहले कभी नहीं देखा गया। यह तीसरे विश्व युद्ध की संभावना पर आधारित है। फिल्म के निर्देशक और लेखक नाग अश्विन हैं।

नाग अश्विन एक लोकप्रिय फिल्म निर्देशक और स्क्रीनराइटर हैं। उन्होंने 2018 में 'महानती' नाम की एक सुपरहिट तेलुगु फिल्म निर्देशित की थी। इसके लिए अश्विन को बेस्ट डायरेक्टर का फिल्मफेयर पुरस्कार मिला था। 'महानती' को बेस्ट फीचर फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिल चुका है।

### 'प्रोजेक्ट के' से तेलुगु सिनेमा में कदम रख रहीं दीपिका

'प्रोजेक्ट के' से दीपिका तेलुगु सिनेमा में पदार्पण कर रही हैं। उन्होंने कन्नड़ फिल्म 'ऐश्वर्या' से 2006 में अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। 2014 में दीपिका ने फिल्म 'कोचादइयां' से तमिल फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा था। अब 'प्रोजेक्ट के' से वह तेलुगु फिल्मों में कदम बढ़ा रही हैं। इस फिल्म से उनकी पहली झलक भी सामने आ चुकी है, जिसे इसी साल जनवरी में दीपिका के जन्मदिन के मौके पर सोशल मीडिया पर साझा किया गया था।

### प्रभास और दीपिका की आने वाली दूसरी फिल्में

'पठान' के निर्देशक सिद्धार्थ आनंद की अगली फिल्म में भी प्रभास मुख्य भूमिका निभाएंगे। 'आदिपुरुष' उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शामिल है। वह फिल्म 'सालार' लेकर आ रहे हैं। 'स्पिरिट' भी प्रभास की आगामी चर्चित फिल्मों में शुमार है। दूसरी तरफ दीपिका हाल ही में ब्लॉकबस्टर फिल्म 'पठान' लेकर आई हैं। वह 'फाइटर' में भी काम कर रही हैं, जिसमें उनकी जोड़ी ऋतिक रोशन के साथ बनी है। दीपिका फिल्म 'सिंघम अगेन' में दिखेंगी। वह 'ब्रह्मास्त्र 2' का हिस्सा भी हैं।

# श्रीमुखी ने सोशल मीडिया पर लगाई आग वायरल हुई तस्वीर



साउथ की खूबसूरत एक्ट्रेस और टैलेंटेड एक्टर श्रीमुखी को आज के समय में कौन नहीं जनता है, वह हमेशा ही किसी न किसी बात के चलते चर्चाओं में बनी रहती है। इतना ही नहीं एक्ट्रेस हमेशा ही अपने फैंस का दिल जीतने के लिए एक से बढ़कर एक फोटोज साझा करती है। वहीं श्रीमुखी अपनी ग्लैमरस अदाओं से इंटनरेट पर धूम मचती हुई दिखाई दे रही है। हाल ही में उन्होंने काफी बोल्ड फोटोशूट कराया है। शिमरी ब्लू गाउन और शार्ट ब्लैक ड्रेस में श्रीमुखी बहुत ही ज्यादा खूबसूरत दिखाई दे रही है। अपने इस लुक को दिलचस्प बनाने के लिए उन्होंने बोल्ड मेकअप कर रखा है। श्रीमुखी की फोटोज पर उनके फैंस जमकर कमेंट करते हुए दिखाई दे रहे है। इस खूबसूरत एंकर का कमेंटबॉक्स हार्ट इमोजी से भर गया है। लेटेस्ट ट्रेंडी वियर में श्रीमुखी की ये फोटोज बहुत बोल्ड है। बिग बॉस के उपरांत उनका बदला हुआ अंदाज फैंस को हैरान करने लगा है। सोशल मीडिया पर श्रीमुखी के 4 मिलियन से अधिक फैंस हैं। हर दिन उनकी पोस्ट सोशल मीडिया पर खूब वायरल होती हुई दिखाई दे रही है। वर्क फंट के बारें में बात की जाए तो वह अपने अभिनय के साथ साथ सोशल मीडिया पर भी बहुत सक्रीय रहती है, और अपने फैंस के साथ एक से बढ़कर एक पोस्ट शेयर करती रहती है।

# साउथ के सुपरस्टार अजित की अगली फिल्म में ऐश्वर्या की एंट्री

सुपरस्टार अजित कुमार की फिल्म थुनिवु इन दिनों सिनेमाघरों में धमाल मचा रही है। उनकी फिल्म एके 62 भी पिछले काफी समय से चर्चा में है और प्रशंसक थुनिवु के बाद अब अजित की इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह एक कॉमेडी थ्रिलर फिल्म होगी। अब जो खबर आ रही है, उससे दर्शकों का उत्साह और बढ़ जाएगा। दरअसल, फिल्म में अजित के साथ ऐश्वर्या राय बच्चन नजर आ सकती हैं।

रिपोर्टों के मुताबिक, इस फिल्म में अजित के साथ एक नहीं, बल्कि दो हीरोइनें नजर आएंगी। उनकी एक लीडिंग लेडी के रूप में ऐश्वर्या का नाम फाइनल हो गया है। ऐश्वर्या ने फिल्म भी साइन कर ली है। वह फिल्म की कहानी और अपने किरदार से बेहद प्रभावित हुईं। दूसरी हीरोइन के लिए तृषा कृष्णन का नाम सामने आया है। खास बात है कि दोनों ही अभिनेत्रियां पिछली बार ब्लॉकबस्टर फिल्म पोन्नियन सेल्वन 1 में दिखी थीं।

एके 62 लाइका प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बन रही है। जहां अजित पहली बार इस प्रोडक्शन हाउस से जुड़े हैं, वहीं ऐश्वर्या की पोन्नियन सेल्वन इसी प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बनी थी। इंडियन 2 के निर्माण की जिम्मेदारी भी लाइका प्रोडक्शन पर है। अजित की 62वीं फिल्म की शूटिंग जल्द ही शुरू होगी। इसे काफी बड़े बजट में बनाया जा रहा है। इस फिल्म में कई बड़े सितारे अपनी मौजूदगी दर्ज कराने वाले हैं। इस फिल्म का निर्देशन जाने-माने निर्देशक विग्नेश सिवान कर रहे हैं। फिल्म में कॉमेडी के साथ-साथ रोमांच का तड़का भी खूब लगेगा। इसमें अजित का एक ऐसा अवतार देखने को मिलेगा, जो इससे पहले कभी देखने को नहीं मिला।

# अभिषेक कपूर की फिल्म से डेब्यू करेंगी रवीना टंडन की बेटी

भारतीय फिल्म उद्योग के लिए, नया साल नई फिल्म घोषणाओं और नए चेहरों को सामने लाने के लिए तैयार है। सूत्र बताते हैं कि पाथ ब्रेकिंग चंडीगढ़ करे आशिकी के बाद, फिल्म निर्माता अभिषेक कपूर, जिन्हें सर्वश्रेष्ठ किरदार खोजने का श्रेय दिया जाता है, उन्होंने अभिनेत्री रवीना टंडन की बेटी राशा को अपनी नई फिल्म के लिए साइन किया है, जो इस गर्मी में शुरू होने वाली है जबकि कहानी अभी भी गुप्त है। हमने सुना है कि निर्देशक राशा और अमन देवगन को लॉन्च करेंगे। फिल्म में अजय देवगन को पहले कभी ऐसे अवतार में नहीं देखे गए हैं। उद्योग जगत में अमन के बारे में पहले से ही एक न्यूकमर के रूप में बात की जा रही है और सभी की निगाहें पहले से ही राशा पर हैं और उनके बड़े बॉलीवुड लॉन्च का इंतजार कर रही हैं।

# एक हफ्ते में तीन किलो वजन घटाना चाहते हैं तो अपनाएं ये टिप्स

दिन-प्रतिदिन बढ़ता वजन हर किसी के लिए आम समस्या बनकर रह गया है, जिसका मुख्य कारण है बिगड़ता लाइफस्टाइल और खान-पान। अगर आपके घर में कोई बड़ा कार्यक्रम आने वाला हो तो आप सब तैयारियां कर लेते है, लेकिन आप अपने वजन को कम नहीं कर पाते हैं। इसलिए आज हम आपको बताएंगे कि एक हफ्ते में तीन किलोग्राम वजन कम कैसे किया जा सकता है।

### अपने नाश्ते को पेय पदार्थों से करें स्विच

वजन घटाने के लिए आपको अपनी कैलोरी की खपत में कटौती करने की आवश्यकता है। इसके लिए आपको अपने नाश्ते को पेय पदार्थों से स्विच करना होगा। इसके अलावा फलों के साथ-साथ अपने नाश्ते को प्रोटीन आधारित शेक या ग्रीक दही के साथ बदलें। ये हाई-प्रोटीन ड्रिंक लंच के समय तक आपके पेट को भरा रखेंगे, जिससे अनहेल्दी स्नैकिंग कम होगी। यह आसान सा तरीका कैलोरी सेवन को कम करने में काफी मदद करेगा।

### इस तरह के लंच का करें सेवन

कई बार वजन कम करने के लिए कुछ डाइटिशियन भोजन को छोड़ने का सुझाव देते हैं, जो कि गलत है क्योंकि इस तरह के सुझाव के कारण आप जरुरी पोषक तत्वों का भी सेवन नहीं कर पाते हैं। इसके अतिरिक्त आप चाहें तो अपने लंच को सलाद से संबंधित विकल्पों के साथ बदल सकते हैं। इसके साथ ही आप सब्जियों से बना सूप या पत्तेदार साग, गाजर, खीरे, टमाटर आदि को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।



### रात्रिभोज में इतनी कैलोरी का ही करें सेवन

आमतौर पर रात्रिभोज में 600-800 कैलोरी होती हैं, जो कि आपकी सेहत के लिए सही नहीं हैं। हो सके तो अपने रात्रिभोज में 300-500 कैलोरी वाले भोजन का ही सेवन करें। इसके अलावा अपने रात्रिभोज में हल्के खाद्य पदार्थों का ही सेवन करें।

### वजन कम करने के लिए अपने रुटीन में जरुर शामिल करें ये दो चीजें

**समय:** अगर वजन कम करना चाहते हैं तो रातभर भोजन के बिना 10-12 घंटे रहें। इसके लिए आप अपने पेय पदार्थों का सेवन सुबह 08:00 बजे के आसपास ही करें क्योंकि ऐसा करने से भोजन के बीच के विराम को और बढ़ाया जा सकता है। इसके अलावा अपने रात्रिभोज को 07:00 बजे के आस-पास खाने की कोशिश करें। चलना: अपने वजन घटाने की योजना को सुविधाजनक बनाने के लिए सप्ताह के हर दिन 10,000-12,000 कदम चलें।

### वजन कम करने के अन्य आसान टिप्स और ट्रिक्स

**वजन कम करने के लिए इन सरल सुझावों का भी पालन करें:**

- संतुलित और पौष्टिक आहार खाएं, जो विशेष रूप से प्रोटीन और फाइबर से भरपूर हो।
- अपने भोजन को धीरे-धीरे और नियमित अंतराल पर खाएं।
- शक्कर युक्त खाद्य पदार्थों और शराब का सेवन कम करें।
- अपने तनाव के स्तर को कम करने की कोशिश करें।
- प्रत्येक रात सात-नौ घंटे की नींद लें।
- हमेशा हाइड्रेट रहें।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135, NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरल उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग : राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 12 को दो पालियों में होगा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2022 दो पालियों में 12 फरवरी को सुबह 10 से 12 बजे तक तथा दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक आयोग द्वारा निर्धारित (57) परीक्षा केन्द्रो में आयोजित की जाएगी। कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे ने परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए परीक्षा केन्द्रों हेतु परिवहन अधिकारी और उड़नदस्ता प्रभारी नियुक्त किया है। परीक्षा के दौरान आबंटित परीक्षा केन्द्रों में अनैतिक कार्यो की रोकथाम हेतु पर्यवेक्षक सतत् निरीक्षण करेंगे। परीक्षा के दौरान सभी परीक्षार्थियों एवं अधिकारियों-कर्मचारियों को कोविड-19 महामारी के दिशा निर्देशानुसार सोशल डिस्टेसिंग, सेनेटाईजेशन, मास्क पहनना एवं अन्य सभी दिशा निर्देशो का पालन करना अनिवार्य होगा।

### शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय जोबी-बर्रा में मनाया गया वार्षिकोत्सव

**रायगढ़।** शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय जोबी-बर्रा में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रामदयाल राठिया ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर राठिया ने कहा कि महाविद्यालय के निरंतर प्रगति में यहां के शिक्षक, छात्र व प्रबंधकीय व्यवस्था है। यह विद्यार्थियों के लिए बहुत अच्छा अवसर है, जिसमें सभी को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। विशिष्ट अतिथि संतोष देवांगन ने कहा कि अक्सर देखा जाता है कि इस तरह की प्रतिस्पर्धाओं में ग्रामीण अंचल के विद्यार्थी पिछड़ जाते हैं। हम उम्मीद करते हैं कि महाविद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राएं निश्चित तौर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर केवल गांव, जिले या प्रदेश ही नहीं अपितु राष्ट्रीय स्तर पर अपने क्षेत्र को गौरवान्वित करेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को असफलता से नही घबराने की सीख देते हुए कहा कि सफलता के लिए नियमित अभ्यास करते रहना चाहिए। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सहायक प्राध्यापक रविंद्र कुमार थवाईत ने कहा कि महाविद्यालय की स्थापना वर्ष 2014 में हुई थी। वर्तमान में महाविद्यालय के नवीन भवन का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है, जिससे आगामी समय में महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं के लिए आगे बढने की संभावनाएं और भी बढ़ेंगी। पवन राठिया व चौकी प्रभारी थानूराम नायक की उपस्थिति में पूर्व में आयोजित हुई विभिन्न किस्म की प्रतिस्पधाओं में भाग लेकर विजयी रहने वाले प्रतियोगियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र वितरित कर उन्हें सम्मानित किया गया।

### राजस्व मंत्री अग्रवाल ने किया जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला का शुभारंभ

# महोत्सव से होता है आपसी मेल-जोल और उत्साह का माहौल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जांजगीर-चांपा।** जिले में आयोजित जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला का शुभारंभ राजस्व एवं आपदा प्रबंधन पुनर्वास, पंजीयन एवं स्टाम्प तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री जय सिंह अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं नेता प्रतिपक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा श्री नारायण प्रसाद चंदेल की अध्यक्षता में हुआ। शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला जांजगीर-चांपा जिले का प्रतिष्ठा पूर्ण आयोजन है।



वर्ष 2000 एवं 2001 में एग्रीटेक कृषि मेला के रूप में शुरूआत होने के पश्चात इसे लोक महोत्सव को जोड़कर एक नया आयाम दिया गया। विगत दो वर्ष कोरोना की वजह से कार्यक्रम स्थगित रहा। जिला प्रशासन स्थानीय नागरिकों, जन प्रतिनिधियों के सहयोग से यह कार्यक्रम पुनः प्रारंभ हो रहा है। जो कि प्रसन्नता का विषय है। उन्होंने कहा कि महोत्सव को आपसी मेल-जोल और उत्साह का वातावरण विकसित होता है। हमारी संस्कृति में गांव-गंवई का मेला-मड़ई समाहित होने के साथ कृषि तथा श्रम की महत्ता प्रदर्शित होती है।

राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि मेले में लघुधान्य फसलों का उत्पादन संवर्धन और इसे अधिक से अधिक खान पान में शामिल करने मिलेट्स थीम का चयन किसानों के लिए लाभदायक साबित होगा। एग्रीटेक कृषि मेले के माध्यम से किसान भाई नए कृषि यंत्र की नवीन तकनीक और कृषि संगोष्ठी के माध्यम से खेती के नए तौर तरीको को जान पाएंगे। उन्होंने महोत्सव तथा मेले के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इससे पूर्व प्रभारी मंत्री श्री अग्रवाल ने कार्यक्रम स्थल तथा जांजगीर के ऐतिहासिक प्राचीन विष्णु मंदिर में दीप प्रज्वलन किया।

इसके साथ ही अतिथियों ने महोत्सव स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का निरीक्षण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नेताप्रतिक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा ने कहा कि जांजगीर जाज्वल्यदेव की पावन भूमि है। यहां बहुत ही प्राचीनकाल से मेला लगाया जाता है। यहां के कृषि मेले की अलग पहचान है। कृषि मेले में किसानों को फसल उत्पादन बढ़ाने नवीन तकनीकों की जानकारी दी जानी चाहिए। किसानों की जो भी समस्याएं है उसका भी निराकरण की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कृषि आधारित फूड प्रोसेसिंग उद्योग स्थापित करने की बात कहते हुए कहा कि जिले में डेयरी उद्योग की भी अपार संभावनाए हैं। महोत्सव में विधायक अकलतरा श्री सौरभ सिंह ने कहा कि जिले में किसानों के आय बढ़ाने की दिशा में कार्य किया जाना चाहिए। उन्होंने फसल खरीदी पर योजना बनाने, दुग्ध उत्पादन, मत्स्य पालन, पशुपालन, कुक्कुट पालन को और भी बढ़ावा देने की बात कही। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शाकम्भरी बोर्ड के अध्यक्ष श्री रामकुमार पटेल ने कहा कि इस महोत्सव स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का स्टॉल लगाकर जानकारियां दी जा रही है। जिसका सभी आमजन लाभ ले सकते हैं।

#### बिना भेदभाव के सभी वर्गा के लिए कार्य कर रही है राज्य सरकार

शुभारंभ अवसर पर राजस्व मंत्री अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गा के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार द्वारा अनेक जनकल्याकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। जांजगीर-चांपा जिला कृषि प्रधान जिला है। कोरबा में बांगो डेम बनने के पश्चात स्वर्गीय श्री बिसाहूदास महंत, श्यामाचरण शुक्ला सहित अन्य विभूतियों के सहयोग से कोरबा में उद्योग की स्थापना तथा जांजगीर-चांपा जिले को सिंचाई की सुविधा मिल पायी। मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा विगत चार वर्षा में जो भी घोषणा की गई है, उसे अमलीजामा पहनाया गया है। कोरबा सहित अन्य जिले में मेडिकल कॉलेज प्रारंभ करने के साथ ही चंदूलाल चंद्राकर के नाम पर मेडिकल कालेज अधिग्रहित कर संचालित किया जा रहा है। आने वाले दिनों में जांजगीर के लिए की गई घोषणा शीघ्र पूरी होगी। मंत्री श्री अग्रवाल ने नवपदस्थ कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की प्रशंसा करते हुए उन्हें जागरुक और कड़ी मेहनत के लिए तत्पर बताया और कहा कि वे जिले के जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर जांजगीर-चांपा जिले के विकास की दिशा में कार्य करेंगी।

### कन्या महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव में विधायक ने दी 20 लाख की सौगात

# हर क्षेत्र में बेटियां कर रही हैं गुरुजनों एवं माता पिता का नाम रौशनः अरुण वोरा




श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** वरिष्ठ कांग्रेस विधायक एवं राज्य भंडारगृह निगम के अध्यक्ष अरुण वोरा मंगलवार को शासकीय डॉ वा वा पाटणकर कन्या महाविद्यालय के वार्षिक पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। जहाँ उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई लिखाई के साथ ही कला, विज्ञान, नौकरी, सेना एवं खेल कूद जगत में भी बेटियां लगातार प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रही हैं। आज देश की राष्ट्रपति एवं राज्य में राज्यपाल भी एक महिला हैं। देश मे बेटियों के लिए अपार संभावनाएं सुनिश्चित करने का काम कांग्रेस सरकार ने प्रारंभ किया है जिसके फलस्वरूप आज बेटियां वायुसेना में फाइटर जेट उड़ाने के साथ ही थल सेना, नौसेना एवं पुलिस बल में भी बराबर की भागीदारी निभा रही हैं। प्रशासनिक व्यवस्था हो या फिर खेल का क्षेत्र हर जगह महिला शक्ति का डंका बज रहा है। उन्होंने हाल ही में हुए अंडर 19 महिला विश्वकप में भारतीय टीम की जीत का उदाहरण देते हुए कहा कि इच्छाशक्ति के मामले में महिलाओं का कोई सानी नहीं आज देश की बेटियां घर के साथ साथ देश चलाने में भी सक्षम हैं। वोरा ने छात्राओं से कहा कि माता पिता एवं गुरुजनों के साथ ही प्रदेश सरकार भी छात्राओं की प्रतिभा के प्रोत्साहन हेतु प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम को जनभागीदारी अध्यक्ष प्रीति मिश्र ने संबोधित करते हुए मेहनत एवं लगन से कठिन लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में प्रयास करने का प्रोत्साहन दिया।

प्राचार्य सुशील तिवारी ने इस दौरान 1982 से संचालित महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त की गई उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए सभी को बधाई दी। पूर्व छात्राओं एवं महाविद्यालयीन कर्मचारियों की मांग पर वोरा ने खेल मैदान एवं डोमशेड निर्माण हेतु 20 पंख की राशि विधायक निधि से स्वीकृत की। एवं मेधावी छात्राओं को पुरुस्कार वितरित किया। इस दौरान समाजसेवी कमल रूंगटा , आर एन सिंह, डी सी अग्रवाल, अनिल कश्यप, अनिल अग्रवाल, ऋचा ठाकुर समेत कॉलेज के प्राध्यापक एवं छात्राएँ मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री बघेल से क्षेत्रीय कैंसर संस्थान रायपुर के चिकित्सकों ने की सौजन्य मुलाकात



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से यहां उनके निवास कार्यालय में क्षेत्रीय कैंसर संस्थान पंडित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के चिकित्सकों ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री को इस दौरान डॉ. मंजूला बेक के नेतृत्व में आए चिकित्सकों ने बताया कि उनकी टीम छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों में निःशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन कर चुकी है, ताकि मरीजों को समय रहते इस घातक बीमारी का पता चल सके और उचित उपचार मिल सके।

इसी परिप्रेक्ष्य में एक और 2 फरवरी को मेकाहारा में निःशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया है। इसके अलावा पंडित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के छात्रों और कर्मचारियों के द्वारा 4 फरवरी को कैंसर के विरुद्ध जागरूकता अभियान के लिए मैराथन का भी आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर डॉ. प्रदीप चंद्राकर, डॉ. राजीव रतन जैन, डॉ. अखिलेश साहू, डॉ. उमेश देवांगन, डॉ. सान्या तनेजा और पी. सोनी मौजूद थे।

# शाकाहार को प्रोत्साहित करने में मरार समाज का उल्लेखनीय योगदान : सत्यनारायण शर्मा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मरार पटेल समाज की आराध्य देवी मां शाकम्भरी की पावन जयंती दलदल सिवनी रायपुर स्थित मरार पटेल समाज के भवन में बड़े हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम पूरे दलदल सिवनी में समाज की महिलायें द्वारा भव्य कलश व शोभायात्रा निकाल कर शाकाहार का बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर ग्रामीण विधायक सत्यनारायण शर्मा थे, तथा अध्यक्षता नगर अध्यक्ष शेखर पटेल ने किया।



विशिष्ठ अतिथि के रूप में मरार समाज के प्रदेशाध्यक्ष राजेन्द्र नायक पटेल, प्रदेश उप कोषाध्यक्ष शिवनारायण पटेल, रायपुर राज के अध्यक्ष राजकुमार पटेल, रायपुर जिला अध्यक्ष ईश्वर पटेल, रायपुर जिला महासंघ सचिव पतिराम पटेल, रायपुर राज के पूर्व सचिव व सलाहकार पिताम्बर पटेल और वार्ड के पार्षद श्रीमती सुशीला धीवर थे।

कार्यक्रम को मुख्य अतिथि विधायक सत्यनारायण शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि मरार पटेल समाज कर्मयोगी समाज है। मेहनत के बूते समाज में अपनी पहचान बनाई है।

शाकाहार को प्रेरित व प्रोत्साहित करने में मरार समाज का उल्लेखनीय योगदान है। उन्होंने कहा कि शाकंभरी महोत्सव के इस भव्य व गरिमामयी आयोजन में शिरकत कर उन्हें सुखद अनुभूति हो रही है। समाज के व्यक्ति अपने बच्चों को स्कूली शिक्षा के साथ साथ अन्य गतिविधियों एवं रोजगार परख शिक्षा हासिल करने के लिए प्रेरित किया ताकि स्वयं का रोजगार स्थापित कर सके। कार्यक्रम को नगर अध्यक्ष शेखर पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि मरार समाज पूरे जनवरी माह में प्रदेश स्तर पर मां शाकम्भरी की जयंती आयोजित कर समाज के गतिविधियों के बारे में बताया तथा उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक सत्यनरायण शर्मा से समाज के अध्यक्ष शेखर पटेल द्वारा समाज हित में आवश्यक निर्माण हेतु 20 लाख रूपये की मांग की गई जिसे विधायक सत्यनरायण शर्मा द्वारा समाज के मांग को पूरा करने का अश्वाशन दिया गया एवं वार्ड के पूर्व पार्षद माधो साहू एवं सामाजिक जनों के बीच बैठकर एस्टीमेंट बनाकर देने की बात कही। इस अवसर पर उक्त कार्यकम में पटेल समाज दलदल सिवनी के नव नियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण भी किया गया, जिसमें समाज के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुए जिसमें परमेश्वरी पटेल अपनी प्रतिभा से सुमधुर आवाज में गीत प्रस्तुत किये और उनकी छोटी बहन मधु पटेल जो कि शिव टांडव पर नृत्य करके सबको मोहित कर दिये इसके साथ ही एक और प्रतिभा गायन के क्षेत्र में रिंकू पटेल ने नंदा जाही का रे गीत पर अपने प्रस्तुती दी।

उक्त कार्यक्रम में संरक्षकगण श्यामलाल पटेल, ज्वाला प्रसाद पटेल, सीताराम पटेल, जीतराम पटेल, शीतल पटेल, रायपुर राज के निर्वाचन अधिकारी हेमन्त पटेल, यादूराम पटेल, महामंत्री विजय पटेल, सचिव महासिंग पटेल, कोषाध्यक्ष ईकेश पटेल, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष किसन पटेल महिला प्रकोष्ठ संयोजिका श्रीमती लक्ष्मी पटेल, अध्यक्ष सीमा पटेल श्रीमती विमला पटेल, प्रतिभा पटेल एवं सभी महिला प्रकोष्ठ उपस्थित थें साथ ही समाज के अन्य सामाजिक बंधु भी उपस्थित हुए थे।

## परीक्षा पूर्व तैयारी के लिए दिए गये निर्देशों का शिक्षक गंभीरता से पालन करें

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे ने कलेक्ट्रेट के रेडक्रॉस सभाकक्ष में शिक्षा अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए।बैठक में उन्होंने अर्धवार्षिक परीक्षा परिणामों में अपेक्षित सुधार नही होने पर गंभीर नाराजगी व्यक्त करते हुए सुधार लाने के निर्देश दिए।बच्चों के शिक्षा गुणवत्ता में सुधार के लिए पाठ्यक्रम को अनिवार्य रूप से पुनरावृत्ति कराने कहा। इसके लिए अतिरिक्त कक्षा भी लगाएं। उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए यह आवश्यक है।ऐसे विद्यालय जहां विशेष विषय के शिक्षक नही हैं, ऐसे विद्यालयों में पास के स्कूल से विषय पाठ्यक्रम को पूर्ण करने शिक्षकों की व्यवस्था की जा सकती है। परीक्षा परिणाम को बेहतर बनाने के लिए कमजोर बच्चों का चिन्हांकन करके उनका अलग से कक्षा लेकर अध्यापन कराने के निर्देश दिए।

बैठक में उन्होंने स्कूलों में चल रहे निर्माण कार्यो कों यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।शाला परिसर में स्थित शौचालय की नियमित रूप से साफ-सफाई करने को कहा।अधोसंरचना एवं निर्माण कार्य,अतिरिक्त कक्ष निर्माण और शाला का जीर्णोद्वार कार्य में देरी ना करें। स्कूलों में फर्नीचर, विधुत, पेयजल आदि की व्यवस्था अनिवार्य रूप से हो। कलेक्टर ने जिला और विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि प्राचार्यों की नियमित रूप से बैठक लेकर समीक्षा करें।

### !! न्यायालय नायब तहसीलदार, दुर्ग ( छ.ग. ) !!

ममला क्रमांक / अ-24 / वर्ष 2022-23

// **उद्घोषणा - पत्र** / /

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक महंत धर्मेन्द्र दास गुरु पिता रामसेवक दास निवासी रसमडा तह0 व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि मौजा ग्राम रसमडा पह0न0- 05 तह0 व जिला दुर्ग में स्थित भूमि ख0न0- 57 / 1 एवं 182 रकबा क्रमशः 4.7800 एवं 13.6200 हे0 भूमि श्री रामचन्द्र जी स्वामी मंदिर के तरफ से सर्वराकार महंत धर्मेन्द्र दास गुरू व रामसेवक दास भूमिस्वामित्व अधिकार में दर्ज है जिसमें से रकबा क्रमशः- 0.48 एवं 1.44 हे0 कुल ख0न0- 02 कुल रकबा 1.92 हे0 भूमि को सार्वजनिक रास्ता घोषित करने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी को आपत्ति आवेदन पेश करना हो वह पेशी दिनांक 13-2-2023 तक आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। निधारित तिथि के बाद आने वाला दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27-1-2023 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायलय के सील मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
दुर्ग (छ.ग.)

### !! न्यायालय नायब तहसीलदार, दुर्ग ( छ.ग. ) !!

// **ज्ञापन** //

क्रमांक / Q / प्रवाचक - 1 / 2023

दुर्ग दिनांक 27 / 1 / 2023

प्रति,
प0ह0न0- 05
ग्राम- रसमड़ा
तह0 व जिला दुर्ग

विषयः- जांच कर प्रतिवेदन देने बाबत् ।

विषयांतर्गत पत्र के संबंध में लेख है कि आवेदक महंत धर्मेन्द्र दास गुरू पिता रामसेवक दास निवासी रसमडा तह0 व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि मौजा ग्राम रसमडा पहन0- 05 तह0 व जिला दुर्ग में स्थित भूमि ख0न0- 57/1 एवं 182 रकबा क्रमशः- 4.7800 एवं 13.6200 हे0 भूमि श्री रामचन्द्र जी स्वामी मंदिर के तरफ से सर्वराकार महंत धर्मेन्द्र दास गुरू व रामसेवक दास भूमिस्वामित्व अधिकार में दर्ज है जिसमें से रकबा क्रमशः- 0.48 एवं 1.44 हे0 कुल ख0न0 - 02 कुल रकबा 1.92 हे0 भूमि को सार्वजनिक रास्ता घोषित करने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः आवेदित भूमि के संबंध में जांच कर स्पष्ट प्रतिवेदन आगामी पेशी दिनांक 13-2-2023 तक प्रतिवेदन इस न्यायालय में पेश करें।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)


Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर

### नर्स की आबरू से खेला, एम्बुलेंस के हेल्पर को 10 साल की कैद

**रायगढ़ (ए)।** प्रणय प्रस्ताव खारिज करने पर मरने-मारने की धमकी देते हुए एनटीपीसी लारा के अस्पताल की एक महिला स्वास्थ्य कर्मी को दुल्हन बनाने का दिवास्वप्न दिखाकर आबरू से खेलने के मामले में एम्बुलेंस के हेल्फर को स्पेशल कोर्ट ने 10 बरस जेल में रहने की सजा सुनाई। साथ ही 6 हजार रूपये के अर्थदंड़ से भी दंडित किया है।

न्यायालय सूत्रों के अनुसार बरमकेला थाना क्षेत्र के ग्राम सकरतुंगा निवासी अरूण कुमार भोय एनटीपीसी लारा के अस्पताल में एम्बुलेंस हेल्फर था। उसी अस्पताल में नर्स के पद पर कार्यरत एक युवती की खुबसूरती पर वह मोहित हो गया और अस्पताल के अपने दोस्तों को महिला स्वास्थ्य कर्मी के साथ शादी करने की बात करता था। एक रोज मौका देख अरुण ने अपना प्रणय प्रस्ताव दिया और युवती ने उसे खारिज कर दिया तो दिलजले अरुण ने युवती को उसके बगैर नहीं रह पाने का हवाला दिया।

यही नहीं अरुण ने उसे नहीं अपनाने की सूरत में युवती को जान से मारने के बाद आत्महत्या कर लेने की धमकी देते हुए दुष्कर्म किया। इसके बाद अरुण फिर युवती का लगातार शारीरिक शोषण करता रहा। युवती ने जब शादी के लिये दबाव बनाना चाहा तो आरोपी ने शादी करने से इंकार करते हुए पल्ला झाड़ लिया। ऐसे में धोखेबाजी की शिकार युवती ने थाने की शरण लेते हुए आपबीती बताई तो पुलिस ने भादंवि की धारा 376 (एन), 506 बी के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुए अरुण को गिरफ्तार कर केस डायरी न्यायालय में पेश किया।

भिलाई में ठगी का नया तरीका

# बीएसएनएल में गाड़ी लगाने का झांसा देकर मोबाइल व कैश लेकर भागा शातिर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** शहर में ठगी का एक नया तरीका इजाद कर लिया गया है। शातिर बदमाश ने देवबलौदा चरोदा निवासी एक शख्स को बड़ी चालाकी से चूना लगाया। शातिर ने शख्स को पहले यह भरोसा दिलाया कि वह उसकी चार पहिया गाड़ी बीएसएनएल दुर्ग के दफ्तर में 40 हजार रुपए मासिक किराए पर लगवा देगा। झांसे में आया शख्स जब दुर्ग पहुंचा तो शातिर ने एग्रीमेंट के नाम पर 6500 रुपए और वेरिफिकेशन के नाम पर मोबाइल फोन लिया और भाग गया। काफी तलाश के बाद भी शातिर का कुछ पता नहीं चला तो शख्स ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है। दुर्ग पुलिस ने मामले में धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।




मिली जानकारी के अनुसार देवबलौदा निवासी 22 वर्षीय अनिल नायक की गांव में ही हैप्पी मोबाइल नाम से दुकान है। उसके पास एक टाटा इंन्रांक वाहन क्रमांक सीजी 07 सीएल 0173 है जिसे वह किराए में चलाता है। उसने अपना मोबाईल नंबर 9575293125 को वाहन बुकिंग के लिए गाडी में ही लिखवाया है। इसी नंबर पर 30 दिसंबर 2012 को अज्ञात व्यक्ति ने कॉल किया और अनिल नायक के वाहन को बीएसएनएल आफिस में 40000 रुपए प्रति माह किराये पर लगाने का भरोसा दिलाया।

इसके बाद उसने 2 जनवरी 2023 को कलेक्टर परिसर में बुलाया। अनिल नायक उसके झांसे में आ गया और 2 जनवरी को कलेक्टर ऑफिस पहुंच गया। वहां पर अज्ञात शख्स मिला और गाडी का पंजीयन कराने व एग्रीमेंट के नाम पर 6500 रुपए ले लिए। गाड़ी का फोटो मोबाइल था तो कलेक्टर को फोटो दिखाने के नाम पर मोबाइल फोन भी ले लिया और अनिल को कलेक्टोरेट परिसर में बैठाकर चला गया। शख्स जो मोबाइल ले गया व SAMSUNG S22 ULTRA है जिसकी बाजार में कुल कीमत 1 लाख 15000 रुपए है। मोबाइल में जिओ कंपनी को सिम जिसका नंबर 9691520098 एवं एयरटेल कंपनी का सिम जिसका नंबर 9630967098 लगा हुआ था।

इकरारनामा साइन कराने के लिए रुपए व मोबाइल लेकर जाने वाला शख्स काफी देर तक नहीं लौटा। इसके बाद उसकी काफी खोजबीन की गई पर कही नही मिला। इसके बाद अनिल ने अपने फोन पर कॉल किया लेकिन वह भी बंद आने लगा। कई दिनों की तलाश के बाद भी वह नहीं मिला। शातिर ने जिस नंबर से अनिल नायक को कॉल किया वह भी बंद है। अनिल नायक ने इस मामले की शिकायत दर्ज कराई और शातिर बदमाश का मोबाइल नंबर 6267608601 भी बताया है। फिलहाल कोतवाली पुलिस आरोपी की पता तलाश में लग गई है।

## यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई: जनवरी माह में 4073 चालकों पर कार्रवाई, 97 का लाइसेंस सस्पेंड



**भिलाई।** पुलिस प्रशासन ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 4073 वाहन चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की है। यह कार्रवाई पूरे जनवरी माह में की गई। इस दौरान 1500 से ज्यादा बिना हेलमेट और 1200 से अधिक बिना सीट बेल्ट लगाए चालकों से जुर्माना वसूला गया। मोडिफाई सायलेंसर, बिना नंबर और शराब का सेवन कर वाहन चलाने वाले 112 लोगों पर भी कार्रवाई की गई। 97 वाहन चालकों का लाइसेंस भी निलंबित कराया गया।

एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव के निर्देश और डीएसपी ट्रैफिक सतीष ठाकुर, सदानंद विध्यराज के नेतृत्व में यातायात पुलिस ने सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों को दूर करने के लिए यह मुहिम चलाई है। यातायात पुलिस दुर्ग सभी नागरिकों से लगातार अपील करती आ रही है कि वाहन चलाते समय सदैव यातायात नियमों का पालन करें ताकि स्वयं भी सुरक्षित रहें और सामने वाले को सुरक्षित आवागमन करने दें। इससे ही सड़क हादसे रूकेंगे।

# कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

क्रमांक/दो/स.वि./2023/3919/430 भिलाई, दिनांक/31/01/2023

**// फ्री होल्ड हेतु दावा आपत्ति सूचना //**

छत्तीसगढ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर जिला रायपुर के आदेश कमांक एफ–8–5/2022/18 के सम संख्यक आदेश दिनांक 06.07.2022 द्वारा नगरीय निकाय तथा पूर्व विघटित विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा स्वंय के आधिपत्य के 30 वर्षीय लीज होल्ड पर आबंटित/व्यवस्थापित आवासीय भूखंड/भवन को फ्री होल्ड के रूप संपरिवर्तित करने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

फ्री होल्ड के रूप में संपरिवर्तन के लिये निम्नांकित भूखंडधारियों द्वारा आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिस पर नियमानुसार कार्यवाही कर फ्री होल्ड के रूप में संपरिवर्तन किया जाना है। यदि किसी व्यक्ति को इस संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से **30 दिवस के भीतर** अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा ।

| क्र0 | पट्टाधारी का नाम पति/पिता का नाम | योजना का नाम | ब्लॉक क्र0 भूखंड क्र0 | आकार |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 1. श्री शमशेर सिंह पपोसा आ0 स्व0 चरण सिंह 2. श्री बलबीर सिंह पपोसा आ0 स्व0 चरण सिंह 3. श्री देवेन्द्र सिंह पपोसा आ0 स्व0 चरण सिंह 4. श्री अवतार सिंह पपोसा आ0 स्व0 चरण सिंह 5. श्रीमती गुरमीत कौर पति श्री सुरेन्द्र पाल सिंह 6. श्रीमती बलबीर कौर पति श्री गुरमेल सिंह 7. श्रीमती मनजीत कौर पपोसा पति स्व0 जगदीश सिंह पपोसा 8. श्रीमती सुरिन्दर कौर पति श्री सर्वजीत सिंह 9. श्रीमती डी नरिन्दर राव पति डी वेंकट सन्यासी राव | मो0ने0न0 पूर्व | 2/9 | 540 व0मी0 |
| 02 | श्रीमती विमल ढाकरे पति श्री पुण्डलीक ढाकरे | मो0ने0न0 पूर्व | 11/7 | 450 व0फु0 |
| 03 | श्रीमती बबीता पति श्री योगराज | मदर टेरेसा नगर आ0यो0 | 30/06 | 135 व0मी0 |
| 04 | श्रीमती कलावती दुबे पति स्व0 मुन्नालाल दुबे | महात्मा गांधी मार्केट पावर हाउस भिलाई | 02/20 | 7.5 व0मी0 |
| 05 | 1. श्री महावीर प्रसाद अग्रवाल आ0 श्री फकीर चंद अग्रवाल 2. श्रीमती मणी देवी गोयल पति श्री महावीर प्रसाद अग्रवाल | लिंक रोड उत्तर व्या0यो0 | सर्वे क्र 34 | 20.6 X 7.3 |
| 06 | श्री उज्जवल दत्ता आ0 स्व0 आर0एन0 दत्ता | मो0ने0न0 पूर्व आ0यो0 | 97/02 | 216 व0मी0 |
| 07 | श्री हरदेव सिंह आ0 स्व0 निरंजन सिंह | नंदिनी रोड कोहका माईनर पूर्व | | 1402.06 व0फु0 |
| 08 | 1. श्रीमती कांता जैन पति स्व0 अशोक कुमार जैन 2. श्री अमीत आ0 स्व0 अशोक कुमार जैन 3. रान्नी जैन आ0 स्व0 अशोक कुमार जैन | मो0ने0न0 पश्चिम | 69/05 | 360 व0मी0 |
| 09 | 1. श्री चरणजीत सिंह खुराना आ0 स्व0 गुरूबचन सिंह खुराना 2. श्रीमती तेजेन्दर खुराना पति स्व0 गुरूबचन सिंह खुराना 3. अरविन्दर सिंह खुराना आ0 स्व0 गुरूबचन सिंह खुराना | वीर सावरकर मार्केट व्या0 | ए/05 एवं 06 | 3873.6 व0फु0 |
| 10 | 1. श्री नीरज बंसल आ0 रामप्रताप बंसल 2. राशिश बंसल आ0 रामप्रताप बंसल | जवाहर मार्केट पावर हाउस | एच0आर0 04 | 1040 व0फु0 |
| 11 | श्री पुरूषोत्तम कुमार अग्रवाल आ0 स्व0 सूरजमान अग्रवाल | सुपेला मार्केट व्या0यो0 | 30/10 | 480 व0फु0 |
| 12 | श्रीमती मंजीत कौर पति स्व0 जगदीश सिंह | मो0ने0न0 पूर्व आ0यो0 | 47/02 | 2400 व0फु0 |
| 13 | 1. श्री अमृत प्रकाश सिह आ0 स्व0 दिलीप सिंह 2. श्रीमती मधु जैन सिंह पति श्री अमृत प्रकाश सिह | मो0ने0न0 पुराना पूर्व | भू0क्र0 32 | 8000 व0फु0 |
| 14 | श्री विनोद कुमार सिंह आ0 स्व0 होशियार सिंह | चटाई पारा केम्प 02 | व्यवथापन | 2398.75 व0फु0 |
| 15 | श्रीमती अंजू अग्रवाल पति श्री मनीष अग्रवाल | मो0ने0न0 पश्चिम | 43/05 | 360 व0मी0 |

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड,
दुर्ग ( छ.ग. )

# दुर्ग पुलिस के हत्थे चढ़ा वाहन चोर गिरोह, दुर्ग सहित रायपुर व राजनांदगांव में की थी चोरी, पांच बाइक बरामद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग पुलिस ने अंतरराज्यीय चोर गिरोह को पकड़ा है। इन चोरों के पास से पुलिस ने पांच मोटर साइकिलें बरामद की हैं। इस चोर गिरोह ने दुर्ग जिले के साथ ही रायपुर व राजनांदगांव में भी चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है। चोरी की मोटर साइकिलों को बेचने के लिए ग्राहक की तलाश करते आरोपी पकड़ाए। फिलहाल दुर्ग पुलिस ने आरोपियों पर 379 के तहत कार्रवाई की है।




बता दें जिले में बढ़ती चोरी की घटनाओं को देखते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव ने विशेष निर्देश दिए थे। इसके बाद टीम ने संदेहियों पर सतत् निगाह रखी जा रही थी। जेल से रिहा हुए पूर्व के आदतन अपराधियों पर भी निगाह रखी जा रही थी। इसी दौरान विषेष सूत्रों से पता चला कि ग्रीन चौक मोहन नगर के पास एक व्यक्ति वाहन बिक्री के लिए ग्राहक की तलाश में लगा हुआ है। सूचना पर टीम ने घेराबंदी कर 1 मोटर सायकल पर सवार को हिरासत में लिया। पुलिस ने मुड़पार राजनांदगांव निवासी रेखा लाल साहू को पकड़ा और पूछताछ में उसने मोटर सायकल को राजनांदगांव के गोपालपुर घुमका क्षेत्र से चोरी करना बताया। कड़ाई से पूछताछ करने पर अपने अन्य 03 नाबालिक साथियों के साथ रायपुर दुर्ग भिलाई में मोटर सायकल चोरी कर अपने घर में छिपाकर रखा है। आरोपी रेखा लाल साहू के मेमोरेण्डम के आधार पर अटल आवास दुर्ग निवासी तीन नाबालिगों से 2 होण्डा साईन, 1 नग एचएफ डीलक्स व 1 सीडी डीलक्स मोटर सायकल बरामद किया।

नाबालिग बच्चों ने खुर्सीपार के मंदिर में की चोरी

# कबाड़ी को बेचा सामान, नाबालिगों के साथ कबाड़ी व एक महिला गिरफ्तार

**भिलाई।** खुर्सीपार पुलिस ने मंदिर में चोरी करने वाले तीन नाबालिगों सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दरअसल नाबालिग बच्चों ने मंदिर से चोरी कर सामान एक कबाड़ी व महिला को बेचा था। पुलिस के पास जब शिकायत पहुंची तो जल्द ही इस चोरों का पता चला। पुलिस ने इस मामले में तीन नाबालिगों को हिरासत में लिया और उनसे पूछताछ के बाद चोरी का सामान खरीदने वाले कबाड़ी व महिला को गिरफ्तार किया।

मिली जानकारी के अनुसार जोन 03 खुर्सीपार निवासी मनीष तिवारी ने मंगलवार को थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में उसने बताया कि मिलावट पारा खुर्सीपार स्थित शिव मंदिर में अज्ञात चोरों मंदिर के गेट का ताला तोड़कर तांबे की गुन्डी



को चेन चुरा लिया। यही नहीं मंदिर के कुछ बर्तन भी चोरों ने चुरा लिया। शिकायत के बाद पुलिस ने मंदिर के चोरों की तलाश शुरू कर दी। आसपास के सीसीटीवी फुटेज जांचने के बाद पुलिस तीन नाबालिगों को संदेह के आधार पर पकड़ा।

पूछताछ करने पर नाबालिगों ने सच्चाई उगल दी। नाबालिग आरोपियों ने बताया कि शिव मंदिर में चुराई गई तांबे की गुन्डी एवं चेन को पावर हाउस में कबाड़ी संजय ओझा बेचा था। वहीं बाकी बचे बर्तन कृष्णा नगर सुपेला निवासी एक महिला को बेच दिया। इसके बाद पुलिस ने चोरी का सामान कबाड़ी व महिला के पास से बरामद कर दोनों को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में आगे की कार्रवाई खुर्सीपार पुलिस द्वारा की जा रही है।

### मोबाइल चोर भी पकड़ाया

एक अन्य मामले में खुर्सीपार पुलिस ने मोबाइल चोर को भी पकड़ा है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एस अनिल कुमार कसे गिरफ्तार किया और उसके पास से दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। वह खुर्सीपार शराब भट्टी के पास लोगों से मोबाईल बेचने के लिए चर्चा कर रहा है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि शराब दुकान के पास भीड़भाड़ का फायदा उठाकर लोगों के जेब से दोनों मोबाइल चोरी किया था।

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड राजेन्द्र पार्क चौक, दुर्ग (छ.ग.)

दूरभाष क्र. 0778-2323633, E-mail: eedurg-phe-cg@nic.in

**-:: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना (तृतीय आमंत्रण) ::-**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग छ.ग. शासन में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत "डी एवं सी" श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र "ए" में प्रतिशत दर पर दुर्ग जिले के विकासखंड धमधा के निम्नलिखित ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत सिंगल विलेज / मल्टी विलेज योजना में विभिन्न कार्य हेतु ऑनलाईन (online) निविदा आमंत्रित की जाती है

| क्र. | नि.सू.क्र./ दिनांक | सिस्टम क्र. | विकासखंड | ग्राम का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 220/ 30.01.2023 | 122317 | धमधा | राजपुर | 96.75 |
| 2 | 221/ 30.01.2023 | 122319 | धमधा | घोंठा, कन्हारपुरी | 184.17 |
| 3 | 222/ 30.01.2023 | 122321 | धमधा | फुण्डा, गाड़ाडीह | 161.88 |
| 4 | 223/ 30.01.2023 | 122322 | धमधा | रौता, परसदाखुर्द, खिलौराखुर्द | 181.22 |
| 5 | 224 30.01.2023 | 122323 | धमधा | सुखरीखुर्द, सिरनाभाठा | 147.17 |

नोटः- उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in दिनांक 06.02.2023 से देखे जा सकते है

जी-98095/6

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, खण्ड, दुर्ग (छ.ग.)

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## केन्द्रीय बजट 2023 : मिली जुली प्रतिक्रिया, कांग्रेस ने जहां बजट को नकारा वहीं भाजपा ने सराहा

# निर्मला जी ने पेश किया निर्मम बजट, न युवाओं के लिए कुछ और न किसानों का होगा भला : भूपेश बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। बुधवार को केन्द्र की मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम पूर्ण बजट पेश किया गया। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन ने 2023-24 का बजट प्रस्तुत किया। केन्द्रीय बजट पर मिली जुली प्रतिक्रिया आई है। कांग्रेस सिहत विपक्ष ने जहां बजट में ढेर सारी खामियां निकाली हैं वहीं भाजपा ने इसकी सराहना की। इस बीच छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी बजट पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि 2023 के बजट को निर्मला जी का निर्मम बजट कहा जा सकता है। इसमें युवाओं के लिए कोई सुविधा नहीं है, न किसानों की आय दोगुना करने की बात है, न महिलाओं के लिए है, न अनुसूचित जनजातियों के लिए और ना ही अनुसूचित जातियों के लिए कुछ है।**



सीएम बघेल ने कहा कि यह बजट केवल चुनाव को देखते हुए बनाया गया बजट है। इसमें एक चीज चौंकाने वाली है, इसमें रेलवे के लिए 2 लाख 35 हजार करोड़ रूपए बजट में रखा गया है। क्या ये कर्मचारियों के लिए है, या नई भर्ती के लिए है, या ऐसा तो नहीं है जैसे एयरपोर्टों को बेचने से पहले सैकड़ों हजारों करोड़ नवीनीकरण के लिए लगा दिया गया और उसके बाद निजी हाथों में बेचा गया। इसी प्रकार की सोच तो नहीं है केन्द्र सरकार की। पहले चकाचक कर दिया जाए, फिर निजी हाथों में बेचा जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लिए भी हम लोग उम्मीद कर रहे थे कि अम्बिकापुर से चलने वाली ट्रेन मिलेगी, जगदलपुर के लिए भी ट्रेन की व्यवस्था होगी। लेकिन कोई व्यवस्था नहीं हुई। महंगाई और बेरोजगारी को कम करने की कोई व्यवस्था नहीं है। नए लोगों को कैसे रोजगार मिलेगा, इसमें कुछ नहीं है। जितनी भी खाद्य सामग्री है, वो महंगी हो गई है। बजट में श्री अन्न की बात कही गई, कोदो-कुटकी, सांवा तक की बात कही गई, लेकिन इसकी एमएसपी भारत सरकार ने आज तक घोषित नहीं की और समर्थन मूल्य पर खरीदने की भी कोई बात किसानों के लिए नहीं कही गई। यह बजट निराशाजनक है।


### दूरगामी लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए बनाया गया संतुलित बजट : सीजी चेंबर

आम बजट पर छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज संसद में पेश हुए बजट को लेकर चेंबर भवन में लाइव प्रतिक्रिया दी गई जिसमे प्रदेश भर से व्यापारी जगत के विभिन्न व्यापारिक संगठनो के प्रमुख उपस्थित रहे। प्रस्तुत बजट सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम वर्ग के व्यापारी से लेकर उच्च वर्ग के व्यपारियों एवं उद्योगपतियों के लिए एक संतुलित बजट रहा। श्रीमती निर्मला सीतारमन के अनुसार समावेशी विकास हेतु आगामी वर्ष का ब्लूप्रिंट है यह बजट। लेकिन यह देखने की बात होगी कि की बड़ी-बड़ी घोषणाओं को धरातल पर किस प्रकार अमलीजामा पहनाया जाएगा।



### नहीं मिलेगी महंगाई से राहत, पेट्रोल-डीजल ना रसोई गैस की कीमत होगी कम : अरुण वोरा

छग स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के चेयरमन एवं विधायक अरुण वोरा ने कहा कि पिछले 8 वर्ष से केन्द्र में काबिज भाजपा सरकार ने केन्द्रीय बजट में आम जनता को कुछ भी नही दिया। इस बार भी केन्द्रीय बजट में आंकडो का मायाजाल बुना गया है। आम जनता को बजट से कोई राहत नही मिलेगी। न तो केन्द्रीय बजट से पेट्रोल की कीमत में कमी होगी न डीजल का रेट कम होगा और न ही रसोई गैस की कीमत 4 सौ रुपए हो पाएगी। श्री वोरा ने कहा कि महंगाई चरम पर है और आम जनता को महंगाई की मार से बचाने के लिए बजट में कोई भी प्रावधान नही किया गया है। वोरा ने कहा कि आज से 8 वर्ष पहले 100 स्मार्ट सिटी के लिए 48 हजार करोड़ का प्रावधान किया गया था आज तक एक भी स्मार्ट सिटी नही बनी। 2022 तक सबको आवाज देने की घोषणा केन्द्र सरकार ने की थी, इस योजना का भी हाल बेहाल है। स्वच्छ भारत अभियान के तहत हर साल अरबो रुपए का बजट प्रावधान का कोई अर्थ नही रह गया है। आम जनता के लिए केन्द्रीय बजट पूरी तरह बेमानी साबित हो रहा है।



### सर्व हिताय, सर्व सुखाय, समदर्शी : विजय बघेल

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के निर्देशन मे वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने जन आकांक्षाओं के अनुरूप सर्व हिताय, सर्व सुखाय, समदर्शी, जनहित, राष्ट्रहित से परिपूर्ण बजट पेश किया है। इसकी बारीकियों को ध्यान से पढे तो पता चलेगा कि अंतिम व्यक्ति से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं सभी वर्गो के उधोगों का पूरा पूरा ध्यान रखा गया है। टैक्स के स्लेब को न्यूनतम छूट 5 लाख से 7 लाख से लेकर हर स्तर पर राहत प्रदान की है। भारत की अर्थव्यवस्था पिछले 9 साल मे विश्व की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। इस बजट से विरोधी चारों खाने चित्त हो गये है, आलोचना के शब्द नहीं मिल रहे है तो अनर्गल प्रलाप कर रहे है और लोक कल्याण के इस बजट को चारों तरफप्रशंसा ही मिल रही है।



### संपूर्ण और समावेशी बजट- सुश्री सरोज पाण्डेय , सांसद राज्यसभा

भारत की वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने आज देश का 2023 का बजट संसद में प्रस्तुत किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पाण्डेय जी ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास के हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के संकल्प को प्रेरणाश्रोत मानते हुए इस बजट में देश के सभी तबकों, चाहे वह किसान हो ,महिलाएं हो, व्यापारी हो, नौकरीपेशा वर्ग हो या समाज के आर्थिक रूप से पिछड़े लोग हों, सभी को इस बजट में विकास की राह में आगे बढ़ने के लिए प्रावधान किया गया है और उन्हें देश की मुख्यधारा से जुड़ने का अवसर प्रदान किया गया है। यह गर्व का विषय है कि विश्व के मंदी के इस दौर में भी आर्थिक प्रगति की दर 7 त्न रहने के अनुमान है जो भारत के लिए एक बड़ी सफ़्लता है।





### खास लोगों को फायदा पहुंचाने वाला आम बजट - जंघेल

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए आम बजट को निराशाजनक बताते हुए दुर्ग निगम के पूर्व नेता प्रातिपक्ष देवकुमार जंघेल ने कहा है कि इसमें आम आदमी को सिर्फझुनझुना थमाया गया है और अंबानी व अडानी जैसे खास लोगों को फ़ायदा पहुंचाया गया है। कृषि प्रधान देश में अन्नदाता किसानों की आय दोगुना करने का ढिंढोरा पीटने वाली मोदी सरकार ने उनकी आय बढ़ाने का और एमएसपी लागू करने का कोई प्रावधान नहीं किया है। खाद में सब्सिडी बढ़ाने की भी जरूरत महसूस नहीं की गई है। इस लिहाज से यह किसान विरोधी बजट है। आज देश में बेरोज़गारी की समस्या जटिल हो गई है जिसके समाधान का भी बजट में कोई प्रावधान नहीं है। इस बजट पर अक्षरशः चरितार्थ होती है ये पंक्तियां - सरकारी फ़ाइलों में गांव का मौसम गुलाबी है, सब दावे फ़र्जी हैं और सारे आंकड़े किताबी हैं।

## ई गवर्नेंस परियोजना के अंतर्गत निगम के अधिकारी कर्मचारियों को निगम सभागार में दिया गया प्रशिक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में आज ई गवर्नेंस परियोजना को लेकर निगम के अधिकारी/कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। निगम आयुक्त रोहित व्यास ने प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए नोडल अधिकारी को निर्देश दिए थे।

इसी तारतम्य में आज सुडा द्वारा निर्धारित एजेंसी एबीएम नॉलेजवेयर प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि राहुल हलदर व दीपक के द्वारा ई गवर्नेंस परियोजना का प्रशिक्षण अधिकारियों को दिया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने में नोडल अधिकारी एवं उपायुक्त नरेंद्र बंजारे, जोन आयुक्त राजेंद्र नायक, येशा लहरे, अमिताभ शर्मा, पूजा पिल्ले, खिरोद्र भोई निगम के कार्यपालन अभियंता, विभाग प्रमुख, अधिकारी/कर्मचारी एवं उप अभियंता तथा निगम के अधिकारी दीप्ति साहू एवं तपन अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

प्रशिक्षण के दौरान संदेह को भी दूर किया गया। ई गवर्नेंस परियोजना के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के मॉड्यूल जैसे कार्य प्रबंधन प्रणाली, लेखा प्रबंधन, सूचना का अधिकार, परिसंपत्ति, पेरोल व पेंशन, डेशबोर्ड माड्यूलो के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया, प्रशिक्षण के दौरान आई हुई तकनीकी समस्याओं को भी समझाया गया और समस्यायों को दूर किया गया।

प्रातः 11:00 बजे से प्रारंभ हुआ प्रशिक्षण 4:00 बजे तक विभिन्न विभागों के क्रमानुसार आयोजित हुआ। जिसमें ई गवर्नेंस परियोजना से संबंधित संपूर्ण जानकारी अधिकारी/कर्मचारियों को प्रदान की गई।

## भिलाई निगम अंतर्गत सड़क मरम्मत एवं संधारण तथा डामरीकरण का कार्य हो रहा युद्ध स्तर पर, महापौर की पहल से हो रहा काम

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** सड़कों की स्थिति सुधारने की दिशा में भिलाई निगम तेजी से काम कर रहा है, इसी के तहत डामरीकरण, पैच वर्क, गड्ढों को भरने का काम, सड़कों के मरम्मत एवं संधारण का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। इसी तारतम्य में सर्कस मैदान के सामने के सड़कों को भी ठीक किया जा रहा है। प्रियदर्शनी परिसर पूर्व सुभाष चौक गुरुनाथ हॉस्पिटल के पीछे होते हुए दक्षिण गंगोत्री मेला ग्राउंड के सामने सुपेला मुख्य मार्ग का डामरीकरण का कार्य किया जा रहा है।

स्वीकृत राशि 60.97 लाख की लागत से इस पर काम होगा। इस रास्ते से प्रतिदिन हजारों लोगों का आना जाना होता है। सुपेला चौक से सर्कस मैदान होते हुए प्रियदर्शनी परिसर मार्ग का रास्ता अपनाकर अंडर ब्रिज की ओर राहगीर आना-जाना करते हैं। अब इस सड़क के डामरीकरण हो जाने से गड्ढों से निजात मिल पाएगी, बारिश के दिनों में भी रास्ता सुगम होगा। गड्ढों के कारण हादसे भी कम होंगे। रात्रि में भी आने जाने में सहूलियत होगी साथ ही कीचड़ से भी निजात मिलेगा। डामरीकरण के प्रस्ताव को महापौर की अध्यक्षता में एमआईसी से स्वीकृति दी जा चुकी है। सड़कों को ठीक करने के लिए महापौर नीरज पाल ने कई स्थानों पर भूमि पूजन किया था और शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए थे। इसके तहत तेजी से सड़कों को सुधारने की दिशा में काम किया जा रहा है। निगमायुक्त रोहित व्यास ने अधिकारियों को गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए कार्य को शीघ्र अति शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। सड़क डामरीकरण, मरम्मत एवं संधारण को लेकर निगम प्रशासन इस पर शीघ्रता से कार्य कर रहा है। भिलाई की सड़कों को बेहतर बनाने के लिए निगम ने काफी समय से इस पर काम शुरू कर दिया था।

प्रत्येक जोन क्षेत्र में सड़कों को दुरुस्त करने का काम किया जा रहा है। अब युद्ध स्तर पर सड़कों के डामरीकरण/मरम्मत/संधारण/ पैच वर्क का काम भिलाई में हो रहा है, सड़कों के गड्ढों को भी भरा जा रहा है। रामनगर मुक्तिधाम क्षेत्र तथा कई क्षेत्रों में डामरीकरण तथा सड़कों के मरम्मत संधारण के काम किए जा रहे हैं कई स्थानों पर तो कार्य पूर्ण भी हो चुके हैं और सड़कों पर सुगम आवागमन हो रहा है। सड़कों के सुधार की दिशा में भिलाई निगम तेजी से काम कर रहा है। निगमायुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर निगम के जोन आयुक्त व अधिकारी सड़कों के डामरीकरण कार्य, पैच वर्क मरम्मत एवं संधारण के कार्यों का निरीक्षण लगातार कर रहे हैं।

## अवैध प्लाटिंग को लेकर भिलाई निगम ने दर्ज कराया एफआईआर, लगाम लगाने निगम की बड़ी कार्रवाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। अवैध प्लाटिंग के मामले में भिलाई निगम ने बड़ा कदम उठाया है। 2 लोगों के विरुद्ध अवैध प्लाटिंग के मामले को लेकर एफ़आईआर दर्ज हुआ है। कोहका एरिया में अवैध प्लाटिंग को लेकर यह कार्यवाही की गई है। अवैध प्लाटिंग पर लगाम लगाने के लिए निगम आयुक्त रोहित व्यास ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं इसी तारतम्य में हाल ही में कुरूद के पांच अलग-अलग स्थानों पर अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गई थी।**



इधर शुभम कॉलोनी आर्य नगर कोहका के खसरा नंबर 728/1 से 728/35 तक भू स्वामियों के द्वारा अवैध प्लाटिंग किए जाने की शिकायत प्राप्त हुई थी। जिसको लेकर निगम ने पंजीयन को शून्य करने एवं रजिस्ट्री पर रोक लगाने के लिए पंजीयक को पत्र प्रेषित किया था। इस खसरा नंबर पर भूस्वामी के द्वारा नगर पालिक निगम (कॉलोनाइजर का रजिस्ट्रीकरण) नियम 2013 के अंतर्गत अभिन्यास स्वीकृति भी नहीं ली गई और न ही भूस्वामियों को कॉलोनाइजर लाइसेंस जारी किया गया है। कोहका की इस भूमि पर जमीन को टुकड़ों में विक्रय कर अवैध प्लाटिंग को अंजाम दिया गया। बता दे कि बिना सक्षम स्वीकृति प्राप्त किए भूमि को भूखंडों में विभाजित करना अवैध कॉलोनी निर्माण की श्रेणी में आता है। जोकि नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 292 ग का उल्लंघन है। छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम की धारा 292 ग में दंड के कई प्रावधान निहित है। जिसके तहत कॉलोनी निर्माण करने वाला कोई व्यक्ति जो भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों का उल्लंघन करते हुए या करके किसी भूमि या उसके भाग को व्यपवर्तित करता है व भूमि के अवैध व्यपवर्तन का अपराध करता है। कॉलोनी निर्माण करने वाला या कोई अन्य व्यक्ति को जो कॉलोनी वाला कोई व्यक्ति को कॉलोनी स्थापित करने के उद्देश्य से अपनी भूमि को या किसी अन्य व्यक्ति की भूमि या इस संबंध में बनाए गए नियमों में निहित प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए, भूखंडों में विभाजित करता है वह अवैध कॉलोनी निर्माण का अपराध करता है। जो कोई अवैध व्यापर्तन का या अवैध कॉलोनी का निर्माण का अपराध करेगा या उसके किए जाने का दुष्प्रेरण करता है वह कम से कम 3 वर्ष और अधिक से अधिक 7 वर्ष के कारावास से तथा न्यूनतम 1 लाख के जुर्माने से दंडित किया जा सकता है। इन्हीं कारणों से अवैध प्लाटिंग को लेकर भिलाई निगम के जोन आयुक्त राजेंद्र नायक ने स्मृति नगर चौकी में भू स्वामी नारायण आ. कामता प्रसाद एवं हिलेंद्र कुमार आ. कामता प्रसाद निवासी कोहका के विरुद्ध एफ़आईआर दर्ज करवाया है। अवैध प्लाटिंग पर अंकुश लगाने भिलाई निगम के द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने बताया कि सूचना मिलते ही निगम प्रशासन की टीम अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाने फील्ड पर जाकर कार्यवाही कर रही है।

## इस बार भी भोले बाबा की बाराती बनकर भिलाई आएंगे पूर्व गृहमंत्री पैकरा और अमर अग्रवाल

### दया के आमंत्रण को स्वीकारा, आयोजन को लेकर दी शुभकामनाएं





श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई में निकलने वाले भोले बाबा की भव्य बारात की तैयारी जोरों से चल रही है। राजनेता से लेकर प्रशासनिक और व्यापारियों व शहर के वरिष्ठ नागरिकों को आमंत्रण कार्ड देने का दौर जारी है। पूर्व गृह मंत्री रामसेवक पैकरा और पूर्व नगरीय प्रशासन मंत्री अमर अग्रवाल को आमंत्रण कार्ड भी पहुंच गया है। दोनों राजनेता भोले बाबा की बारात में पहले भी शिरकत कर चुके हैं। अब दोबारा बाराती बनकर आएंगे और भोले बाबा का आशीर्वाद लेंगे।

बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति के अध्यक्ष दया सिंह ने बताया कि, आयोजन को लेकर लगातार तैयारी चल रही है। पूर्व मंत्री पैकरा जी और पूर्व मंत्री अग्रवाल जी पिछले आयोजनों में भी भिलाई आते रहे हैं। उन्होंने बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति के आमंत्रण को स्वीकारा है और आयोजन को लेकर ढेर सारी शुभकामनाएं दी है।

### लगातार जारी है आमंत्रण कार्ड देने का दौर, हजारों लोग होंगे शामिल: दया

दया सिंह ने बताया कि आमंत्रण कार्ड देने का दौर लगातार जारी है। बाबा की बारात में हजारों लोग शामिल होंगे। हथखोज से निकलकर खुर्सीपार केनाल रोड पर भोले बाबा की बारात निकलेगी। इसकी तैयारी जबरदस्त चल रही है। शहर के सभी बाजारों में व्यापारियों को आमंत्रण कार्ड देकर आमंत्रित किया जा रहा है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950